# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## छत्तीसगढ़ ऐसा नियम लागू करने वाला पहला राज्य, केंद्रीय मंत्री गिरिराज बोले-देशभर में लागू होना चाहिए

देश के इतिहास में पहली बार मस्जिदों को जुमे की नमाज के पहले दी जाने वाली तकरीर के संदर्भ में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड से अनुमति लेनी पड़ी। मस्जिदों की ओर से बोर्ड को भेजे गए आवेदन में बताया कि तकरीर में सिर्फ और सिर्फ धार्मिक बातें ही होंगी। बोर्ड ने प्रदेशभर से आए 152 मस्जिदों के आवेदनों को मंजूरी दे दी। प्रदेश में वैसे तो छोटी-बड़ी मिलाकर चार हजार मस्जिद हैं, लेकिन जहां पर तकरीर होगी, उन्हीं को तकरीर के लिए वक्फ बोर्ड से अनुमति लेनी होगी। छत्तीसगढ़ में लागू किए गए इस नियम की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है, ऐसा नियम और निर्देश पूरे देश में लागू होना चाहिए। आने वाले समय में वक्फ बोर्ड मस्जिदों में जुमे के दिन तकरीर के समय अचानक निरीक्षण भी करेगा और देखेगा कि वास्तव में तकरीर के बारे में जो बताया गया है, वही कहा जा रहा है या फिर कुछ और भी कहा जा रहा है।

# इतिहास में पहली बार तकरीर के लिए मांगनी पड़ी इजाजत छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने मंजूर की 152 मस्जिदों की अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की मस्जिदों में धार्मिक तकरीरों को छोड़कर अन्य विषयों पर बोलने की अनुमति लेनी होगी। कहा गया है कि राष्ट्र विरोधी तथा सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली तकरीरों को प्रतिबंधित करने के संदर्भ में छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्थित समस्त मस्जिदों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य ⏭ शेष पेज 4 पर

खास खबर






### अचानक निरीक्षण भी होगा

डा. सलीम राज ने बताया, मस्जिदों को राजनीति का अखाड़ा बनने से बचाने के लिए ही नियम तय किया गया है। अब आने वाले समय में टीमों का गठन भी किया जा रहा है। ये टीमें मस्जिदों का अचानक निरीक्षण करेंगी और देखेंगी कि कहां किसी मस्जिद में धार्मिक तकरीर के स्थान पर किसी तरह सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली तकरीरें तो नहीं हो रही हैं। ऐसा होने पर नियमानुसार उन पर कार्रवाई भी करेंगे।

### सीएम साय बोले-

## इबादत के स्थान पर न हो राजनीति



देश के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव तथा देश के सूफी इस्लामिक बोर्ड ने छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के निर्देश का स्वागत किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह निर्देश पूरे भारत में लागू होना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने कहा, मस्जिद, मंदिर, गिरजाघर और गुरुद्वारा इबादत का स्थान है। यहां पर किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# फोर्स ने मार गिराए 10 नक्सली, मिलिट्री इंचार्ज मड़काम मासा भी मारा गया

## 6 की शिनाख्त, 21 लाख का था ईनाम, 4 की नहीं हो पाई शिनाख्त



पुलिस फोर्स को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। शुक्रवार सुबह मुठभेड़ में फोर्स ने दस नक्सलियों को मार गिराया। इनमें तीन महिला नक्सली भी शामिल हैं। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। आधा दर्जन नक्सलियों की पहचान हो चुकी है। इन पर पुलिस ने ईनाम भी घोषित कर रखा था। फोर्स ने शवों के साथ ऑटोमेटिक वैपन इंसास, एके 47, एसएलआर के अलावा सेमी ऑटोमेटिक हथियार और भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सली सामान बरामद किया है।

## 4 घंटे चली मुठभेड़, 250 जवान रहे शामिल, मारे गए नक्सलियों में 7 पुरुष और 3 महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/ सुकमा/ कोंटा

मुठभेड़ सुकमा जिले के भण्डारपदर इलाके में हुई। जिसमें डीआरजी जवानों ने मिलिट्री इंचार्ज मड़कम मासा समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 7 पुरुष और 3 महिला नक्सली शामिल हैं। इनमें छह की शिनाख्त हो चुकी है, जिन पर 21 लाख का ईनाम घोषित था। जवानों के साहस को सलाम करते हुए डीआईजी ने 10 लाख का ईनाम दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह से भेज्जी थाना क्षेत्र के भण्डारपादर इलाके में लगभग 4 घंटे चली मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया और उनके शवों के साथ सकुशल वापस लौटे हैं। मारे गए नक्सलियों में 7 पुरुष और 3 महिला शामिल हैं। पिछले कुछ दिनों से सुरक्षा बल के जवान इन्हीं इलाकों में सर्चिंग पर थे।



### नक्सलियों के शव लेकर पहुंचे जवानों ने मनाया जश्न

सफल मुठभेड़ के बाद 10 नक्सलियों के शव को लेकर जवान जिला मुख्यालय पहुंचे। मिली सफलता की खुशी जवानों के चेहरे पर दिख रही थी। इस दौरान जवानों ने अधिकारियों के साथ गोंडी गाना में नाचते झूमते नजर आए। जवानों ने कहा, इस खुशी हमारे 3 दिन की थकान को दूर कर दी है।

### मारे गए नक्सलियों में यह शामिल

4 घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया, इनमें छह की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें 8 लाख का ईनामी मड़कम मासा दक्षिण बस्तर डिवीजन मिलिट्री इंचार्ज व प्लाटून नंबर 4 व 8 प्रभारी डीवीसीएम के अलावा 2 लाख के ईनामी दूधी हूंगी पति मड़कम मासा प्लाटून नंबर 4 मेंबर, 5 लाख का ईनामी लखमा माड़वी डिवीजन स्माल एक्शन टीम कमाण्डर, 2 लाख का ईनामी मड़कम जीतू प्लाटून नंबर 4 का पार्टी सदस्य, 2 लाख की ईनामी मड़कम कोसी प्लाटून नंबर 4 पार्टी सदस्या व 2 लाख का ईनामी कोवासी केसा प्लाटून नंबर 4 का पार्टी सदस्य व मासा का गार्ड शामिल है। वहीं मुठभेड़ में मारे गए अन्य 4 नक्सलियों की पहचान अभी बाकी है।

### नक्सलियों की बैठक की मिली थी सूचना

फोर्स को नक्सलियों की बड़ी बैठक की सूचना मिली थी। इस बैठक में ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के नक्सली कैडर शामिल होने की सूचना पर ऑपरेशन लांच किया गया था। जवानों के इस साहस पर हौसला अफजाई के लिए दंतेवाडा डीआईजी कमलोचन कश्यप ने 10 लाख देने की घोषणा करते हुए 2 लाख नकद दिया। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों के बैठक की सूचना पर डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग में रवाना हुई थी। सुबह दस बजे डीआरजी की टीम के साथ मुठभेड़ हुई, जिसको डीआरजी के लगभग 250 जवानों ने अंजाम दिया।

## यह इलाका माना जाता है नक्सलियों के लिए सुरक्षित

भेज्जी का इलाका काफी सालों से नक्सलियों का महफूज इलाका माना जाता रहा है। इस इलाके में अब तक 4 सुरक्षा बल के कैंप और एक थाना खोला जा चुका हैं, नक्सली आज भी इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को दर्शाते हैं। इस मुठभेड़ के बाद अब इस इलाके में नक्सलियों पर लगाम लग सकता है।




**ओडिशा से घुसे थे नक्सली:** एक दिन पूर्व ओडिशा में हुए मुठभेड़ में ओडिशा पुलिस ने एक नक्सली को मार गिराया था, जिसके बाद नक्सलियों की टीम छग की सीमा में घुसी थी। जिनके साथ डीआरजी टीम का सामना हुआ, जिसमें दस नक्सली मार गिराए गए। छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर स्थित शबरी नदी तट में मुठभेड़ के बाद नक्सली इस ओर भाग कर आए गए थे। सभी नक्सली भंडारपादर के जंगल में बड़ी बैठक रखने वाले थे, सूचना पर ऑपरेशन लांच किया गया था।

### 207 नक्सलियों के शव बरामद 787 गिरफ्तार...

सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम करते हुए वर्ष 2024 में अब तक बस्तर संभाग में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 207 नक्सलियों का शव बरामद किया जा चुका है। वहीं 787 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 789 नक्सली समर्पण कर चुके है। नक्सलियों के कब्जे 262 हथियार भी बरामद किया गया है।

सुंदरराज पी
आईजी, बस्तर

### सुरक्षा बलों को अदम्य साहस के लिए बधाई : साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों की उपलब्धि पर प्रसन्नता की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट आया है। उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफ़ाये के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीक़े से आगे बढ़ रहे हैं।

### जवानों की भुजाओं की ताकत की जीत : शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए बहादुर जवानों को बधाई। हमारे सुरक्षा बल अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए नक्सल मोर्चे पर लगातार सफलताएं अर्जित कर रहे हैं। अब बस्तर क्षेत्र में माओवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यह जीत जवानों के भुजाओं की ताकत की जीत है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भटके हुए लोगों से अपील की है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट आएं और देश व प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें।

## महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आज

# किसकी बनेगी सरकार, फैसला आज, तेज हुई सियासी सरगर्मी

महाराष्ट्र-288 सीटें, बहुमत-145
झारखंड-81 सीटें, बहुमत- 41

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



महाराष्ट्र और झारखंड दोनों राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को जारी किए जाएंगे। दोनों ही राज्यों में शनिवार सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। सबसे पहले बैलेट पेपर के वोट गिने जाएंगे। इसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती होगी। दोनों राज्यों में किसकी सरकार बनेगी, एग्जिट पोल ने भविष्यवाणी भी कर दी है। हालांकि, एग्जिट पोल के नतीजे कितने सही होंगे ये वोटों की गिनती के साथ साफ हो जाएगा। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ एमवीए में शामिल ⏭ शेष पेज 4 पर

### 48 विस और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव

देश के 14 राज्यों में 48 विधानसभा सीट और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे 23 नवबंर को सामने आएंगे। 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर दो चरणों में चुनाव हुए हैं। जिसमें 13 नवंबर को देश भर में 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों और एक वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए वोट डाले गए हैं।

## सुनील या आकाश पिटारा खुलेगा आज



**रायपुर।** राजधानी के रायपुर दक्षिण में हुए उपचुनाव की मतगणना शनिवार को सुबह 8 बजे से होगी। देर शाम तक इस बात का फैसला हो जाएगा कि रायपुर दक्षिण का नया विधायक कौन होगा। भाजपा ने जहां पूर्व महापौर और पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाया है, वहीं कांग्रेस ने आकाश ⏭ शेष पेज 4 पर



छत्तीसगढ़ शासन

## विष्णु के सुशासन से
## सँवर रहा छत्तीसगढ़



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# सुशासन से विकास की नई राह...

- कृषक उन्नति योजना : धान का प्रति क्विंटल 3100 रुपए मिल रहा दाम, खेती-किसानी से खुले समृद्धि के द्वार
- मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण): 47 हजार 90 आवासहीन ग्रामीण परिवारों को मिलेगा लाभ

- शासकीय भर्ती में आयु सीमा में छूट: पुलिस विभाग सहित शासकीय भर्तियों में युवाओं को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट
- भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित



- मुफ्त अनाज: छत्तीसगढ़ के 68 लाख गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक नि:शुल्क राशन
- तेंदूपत्ता संग्राहक पारिश्रमिक: 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा

- 'नियद नेल्ला नार' अभियान के साथ नक्सल समस्या के पूर्ण निदान के प्रभावी कदम
- त्वरित निर्णय, सख्त प्रशासन: विष्णु देव सरकार में अब तक 200 माओवादी मुठभेड़ में ढेर, 599 की गिरफ्तारी, 510 ने किया आत्मसमर्पण

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें...**

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024 | अगहन कृष्ण पक्ष अष्टमी | वर्ष : 23, अंक : 127 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




- कालभैरव अष्टमी आज शिवालयों सहित देवी मंदिरों में पूजे जाएंगे शिव के पांचवें अवतार
- रतनपुर महामाया मंदिर के समीप स्थित भैरव बाबा मंदिर की अनोखी परंपरा

## छग का एकलौता मंदिर, जहां भैरव अष्टमी पर नहीं चढ़ती मदिरा, मान्यता- इस दिन बाल स्वरूप में होते हैं भैरवनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिव के पांचवें अवतार कालभैरव की जयंती शनिवार को मनाई जाएगी। उज्जैन के काल भैरव मंदिर से लेकर अधिकतर देवी मंदिरों में स्थापित काल भैरव मंदिर में मदिरा का भोग लगाया जाता है। भैरव जयंती के दिन विशेष रूप से आयोजन होते हैं और इस दिन मदिरा अधिकतर मंदिरों में अनिवार्य रूप से अर्पित की जाती है, लेकिन ▶▶|शेष पेज 4 पर

खास खबर



### 151 कन्याओं का पूजन, रामलीला भी

रतनपुर के काल भैरव मंदिर में बड़े पैमाने पर भैरव अष्टमी में आयोजन हो रहे हैं। 21 नवंबर से प्रारंभ हुआ यह उत्सव 29 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान रामलीला का भी आयोजन मंदिर प्रबंधन द्वारा किया गया है। महायज्ञ के साथ ही 151 कन्याओं का पूजन और महाभंडारा भी रखा गया है। मंदिर के पुजारी के अनुसार, शुक्रवार को प्रातःकाल रुद्राभिषेक के बाद श्रृंगार होगा। सात्विक स्वरूप में रात्रि में विशेष पूजन होगा।



### ...इसलिए चढ़ाई जाती है शराब

हिंदू पंचांग के अनुसार काल भैरव जयंती मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि मनाते हैं। मान्यताओं के अनुसार, काल भैरव तामसिक प्रवृति के देवता माने जाते हैं, इसलिए उन्हें मदिरा यानी शराब का भोग लगाया जाता है। असल में काल भैरव के मंदिर में शराब चढ़ाना संकल्प और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। काल भैरव युद्ध के मैदान में ही रहते हैं। आसुरी प्रवृत्तियों से युद्ध करते हैं, इस कारण इन्हें तामसिक चीजें अर्पित की जाती हैं।

### देवी मंदिरों में इसलिए विराजित हैं काल भैरव

पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार, मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान शिव ने देवी मां की रक्षा के लिए काल भैरव अवतार लिया था। जब महादेव ने यह अवतार लिया, तब उन्होंने भय (भै) बढ़ाने वाली रव यानी आवाज उत्पन्न की थी, इसीलिए महादेव के इस स्वरूप को भैरव कहा जाता है। शिव का यह अवतार हमेशा देवी मां की रक्षा में तैनात रहता है। शिवजी ने इन्हें कोतवाल नियुक्त किया है, इसीलिए हर देवी मंदिर में काल भैरव भी होते हैं। यही वजह है कि देवी मंदिरों में आज कालभैरव की पूजा भी की जाएगी।

## सड़क हादसे में मंत्री नेताम घायल, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रायपुर लाए, डॉक्टरों ने कहा- हालत ठीक

*कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के काफिले में पिकअप घुस गई। वाहन सीधे मंत्री के वाहन से टकराया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। सिमगा में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उपचार के लिए राजधानी के रामकृष्ण हास्पिटल लाया गया है। सीटी स्केन सहित अन्य जांच के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। नेताम को सिमगा से रायपुर लाने के लिए ग्रीन कॉरीडोर बनाया गया था। एक्सीडेंट में एक अन्य को भी चोट आई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जानकारी के अनुसार मंत्री कवर्धा से वापस लौट रहे थे। बेमेतरा में थोड़ी देर रुकने के बाद वे रात आठ बजे अपने काफिले के साथ राजधानी लौट रहे थे। सिमगा से सात किमी दूर बेमेतरा जिले के ग्राम जेवरा के समीप एक पिकअप सीधे उनकी कार से टकरा गई। रात लगभग साढ़े आठ बजे हुई इस घटना में उनकी कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मंत्री रामविचार नेताम के हाथ-पैर और सिर में चोटें आईं। सिर में चोट लगने की वजह से वे थोड़ी देर के लिए बेसुध हो गए थे। बलौदाबाजार एसपी विजय ▶▶|शेष पेज 4 पर



- पीएसओ सहित एक अन्य को भी चोटें आईं

### बेमेतरा के ग्राम जेवरा की घटना, सिमगा में प्राथमिक उपचार



#### सीएम ने की स्वास्थ्य लाभ की कामना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घायल कैबिनेट मंत्री के जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट के हमारे वरिष्ठ साथी रामविचार नेताम के कार दुर्घटना में चोटिल होने की सूचना प्राप्त हुई है। प्रभु श्रीराम से उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।



#### हाथ हिलाकर किया इशारा

हादसे में बेसुध हुए रामविचार नेताम को रायपुर लाया गया। अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री ने श्याम बिहारी जायसवाल ने उनका स्ट्रेचर एंबुलेंस से उतारने में मदद की। इस दौरान परिवार के सदस्यों साथियों को देखकर नेताम ने हाथ हिलाकर अपने ठीक होने का इशारा किया।

**डाक्टरों की विशेष टीम अलर्ट:** ग्रीन कॉरीडोर बनाकर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम को जब रामकृष्ण अस्पताल लाने की जानकारी मिली तो यहां अलर्ट रखा गया। वरिष्ठ चिकित्सक एवं हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के नेतृत्व में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. धाबलिया सहित अन्य डाक्टरों को वहां तैनात किया गया था। जांच और सीटी स्कैन के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

#### सीएम, विस अध्यक्ष समेत मंत्री, सांसद पहुंचे

घटना की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, नंद कुमार साय, सांसद चिंतामणि महाराज, खुश वंत सिंह साहेब, अजय चंद्राकर सहित कई जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे।

#### मंत्री खतरे से बाहर साथी गंभीर

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के न्यूरोसर्जन के अनुसार मंत्री खतरे से बाहर हैं। ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। जहां फ्रेक्चर हुआ है, वहां प्लास्टर चढ़ाया गया। मंत्री के साथी धनंजय को सर्वाइकल इंजरी है। उन्हें सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। स्थिति शनिवार को तक स्पष्ट होगी। फिलहाल दोनों आईसीयू में हैं।

## अदाणी, सात अन्य के खिलाफ जारी हो सकता है गिरफ्तारी वारंट

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और सात अन्य के खिलाफ मामला काफी आगे बढ़ सकता है। इससे गिरफ्तारी वारंट जारी होने के साथ प्रत्यर्पण के प्रयास भी हो सकते हैं। करोड़ों डॉलर के रिश्वतखोरी मामले में अमेरिका में दीवानी और आपराधिक आरोप दायर किए जाने के बाद भारतीय-अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने यह बात कही।

अमेरिकी न्याय विभाग ने भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अदाणी तथा उनके भतीजे सागर अदाणी सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। इन परियोजनाओं से समूह को 20 साल से अधिक समय में दो अरब डॉलर से अधिक लाभ होने का उम्मीद है। हालांकि, अदाणी समूह ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि अमेरिकी अभियोजकों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### घूसकांड पर अमेरिकी न्याय विभाग कर सकता है बड़ी कार्रवाई





#### कांग्रेस बोली- अदाणी के खिलाफ हो कार्रवाई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे। प्रधानमंत्री और उनकी सरकार पर अदाणी को बचाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी संसद सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाएगी।

#### भाजपा ने कांग्रेस पर लगाए आरोप

भाजपा की आंध्र प्रदेश अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि अमेरिका द्वारा अदाणी समूह पर लगाए गए आरोप गंभीर सवाल खड़ा करते हैं। आरोपों में शामिल सभी लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने द्रमुक सरकार, वाईएसआरसीपी सरकार, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार और ओडिशा में बीजद सरकार का जिक्र किया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### नारकोटिक्स निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने चिकित्सक और उसके क्लीनिक के खिलाफ मामले को रफा-दफा करने तीन लाख रुपए की रिश्वत लेते केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के निरीक्षक और बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। क्लीनिक के खिलाफ मामले को रफा-दफा करने 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

## दो भाइयों ने प्रेमिका, उसकी मां और बच्चे को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर के दहेजवार में हुए ट्रिपल मर्डर मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। महिला, किशोरी और उसके बच्चे की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी मुख्तार अंसारी के साथ उसका भाई भी शामिल था। आरिफ ने ही सबसे पहले सोते समय नाबालिग किशोरी पर चाकू से हमला किया था, ▶▶|शेष पेज 4 पर

- छह दिनों की पूछताछ के बाद बड़ा खुलासा, दोनों आरोपी जेल दाखिल

### प्रेम प्रसंग बनी नृशंस हत्याकांड की वजह



**दोनों भाइयों ने मिलकर की थी हत्या**

6 दिनों की पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। हत्या में मोख्तार के साथ उसका भाई आरिफ भी शामिल था। दोनों ने मिलकर महिला, नाबालिग किशोरी व बच्चे की हत्या की। प्रेम प्रसंग में तीनों की हत्या की गई। - **वैभव बैंकर**, एसपी

#### पहले प्रेमी ने ही मारा चाकू

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि घटना दिवस की रात बारिश होने के कारण तीनों मोख्तार के साथ उसके दहेजवार स्थित घर पहुंचे और वहीं रुक गए। इस बात की जानकारी मिलने के बाद आरिफ भी घर आ गया। रात को उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और ▶▶|शेष पेज 4 पर

## छग में शुरू होगी मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर में ''गुड गवर्नेंस'' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना शुरू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार आईआईएम रायपुर के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के ▶▶|शेष पेज 4 पर

- गुड गवर्नेंस विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन सीएम और केन्द्रीय मंत्री ने किया संबोधित



#### गांव-गांव में सुशासन पहुंचाएगा प्रशासन- सिंह

केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ नवा रायपुर में एक पत्रवार्ता को संबोधित किया। वार्ता के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि अभी तक गुड गवर्नेंस का आयोजन देश के लगभग सभी राज्यों में करने का प्रयास किया गया ▶▶|शेष पेज 4 पर




## तीन युवकों की हत्या एसआईटी जांच की मांग खारिज

**बिलासपुर।** महासमुंद जिले में गौ तस्करी के आरोप में यूपी के तीन युवकों की हत्या की एसआईटी से जांच कराने की मांग को लेकर पेश याचिका को हाईकोर्ट ने प्रकरण में चालान पेश होने तथा आरोप तय किए जाने पर खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट में पक्ष रखने की छूट प्रदान की है।

जून 2024 को महासमुंद के आरंग थाना क्षेत्र में गौ तस्करी के संदेह में कुछ लोगों ने रायपुर से उड़ीसा जा रहे ट्रक का पीछा किया व ट्रक को महानदी पुल में रोक कर ड्राइवर व दो खलासी की जमकर पिटाई की। पुल के नीचे तीनों घायल अवस्था में मिले। इसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई थी।



## चिंतन

# नक्सलवाद मिटाने के लिए युवाओं को रोजगार जरूरी

भारत में नक्सल आंदोलन सबसे विद्रोही आंदोलन रहा है, जो 1967 से चल रहा था, लेकिन अब दम तोड़ता नजर आ रहा है। जब जनजातियों, मजदूरों और किसानों के समूह ने विद्रोही आंदोलन किया और उत्तर बंगाल के नक्सलबाड़ी नामक गांव में एक जमींदार के अन्न भंडार पर धावा बोला तो इसकी शुरुआत हुई। हालांकि इस विद्रोह को पुलिस ने अस्थायी रूप से दबा दिया था, लेकिन नक्सलियों ने जंगल संथाल और कानू सान्याल के साथ मिलकर चारू मजूमदार के नेतृत्व में अपने आंदोलन को जीवित रखा। नतीजतन, आस-पास के गांवों के लोगों ने इस आंदोलन का समर्थन किया। धीरे-धीरे यह समर्थन देश के बड़े हिस्से तक पहुंच गया और एक-एक करके 96 जिले नक्सलवाद की चपेट में आ गए। हालात यह हो गए कि नक्सली आंदोलन पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर सहित भारत के अन्य हिस्सों में फैलने लगा। समय के साथ, विद्रोहियों ने खुद को आधुनिक हथियारों, गोलाबारी और सबसे महत्वपूर्ण रूप से भारत के एक निश्चित समूह से समर्थन के साथ बढ़ाया। समय के साथ, वे उच्च-स्तरीय बम बनाने में भी सक्षम हो गए। उन्होंने तेजी से हथियार निर्माण और उत्पादन शिविर भी शुरू किए, लेकिन अब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की दो टूक नीति  आत्मसमर्पण करो या मरो' ने नक्सवाद की कमर ही तोड़ दी। इसी नीति का परिणाम है कि हिंसा की घटनाओं में भारी कमी आई है और प्रभावित जिलों की संख्या 96 से घटकर 42 रह गई है। हिंसा की घटनाएं 16,463 से घटकर 7700 रह गई हैं और यह संख्या अगले वर्ष तक और कम हो जाएगी। नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में 70 प्रतिशत की कमी आई है। हिंसा की रिपोर्ट करने वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या 465 से घटकर 171 रह गई है, जिनमें से 50 पुलिस स्टेशन नए हैं यानी केवल 120 पुलिस स्टेशन ही हिंसा की रिपोर्ट कर रहे हैं। शुक्रवार को भी छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है। भेज्जी के दंतेसपुरम, कोराजुगुड़ा, नागाराम के जंगल में यह मुठभेड़ हुई है। यह कोई पहली मुठभेड़ नहीं है। इसी वर्ष में एक जनवरी से 22 नवंबर तक 207 नक्सली मारे गए हैं। 11 महीनों के दौरान हमारे जवानों ने नक्सलवाद के उन्मूलन में लगातार बड़ी सफलता प्राप्त की है। ऐसे नक्सलियों की लंबी सूची है जो हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। सरकारी प्रयास प्रशंसनीय हैं, और ये सकारात्मक भविष्य की ओर इशारा भी करते हैं। परन्तु पिछले 50 वर्षों में दो बार ऐसा हुआ है, जब सरकार ने नक्सल समस्या को खत्म समझा। 1971 में चारू मजूमदार की गिरफ्तारी और 1972 में इस नक्सली नेतृत्व की मृत्यु के साथ ही इस आतंक का अंत समझा गया था, लेकिन यह न केवल फिर जिंदा हुआ बल्कि नासूर भी बन गया। 1980 में आंध्रप्रदेश में पीपुल्स वार ग्रुप के बनने के साथ ही नक्सली फिर से सिर उठाने लगे, और धीरे-धीरे ये कई राज्यों में फैल गए। इस समस्या का तीसरा सोपान सन् 2000 में चरम वामपंथियों द्वारा पीपुल्स गोरिल्ला आर्मी बनाने के साथ शुरू हुआ। 2004 में माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ हुए इनके गठबंधन ने इनकी जड़ों को बहुत मजबूत कर दिया। अब सरकार का प्रयास होना चाहिए कि नक्सल की जड़ को ही खत्म करे। इसके लिए आदिवासी युवाओं को रोजगार से जोड़ना बहुत जरूरी है ताकि हिंसा दलदल में न फंसे। अगर ऐसा हुआ तो नक्सलवाद का खत्मा तय है।



सुरक्षा
अरविंद जयतिलक

# लपटों में स्वाहा होती जिंदगी

> अगर अग्निशमन यंत्र एक्सपायर नहीं होता तो आग पर नियंत्रण पाना आसान होता और ग्यारह शिशुओं की जिंदगी आग की भेंट नहीं चढ़ती। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा मिलेगी? अच्छी बात है कि इस हादसे की जांच की जिम्मेदारी आईबी को सौंपी गई है। अब आईबी की जांच से ही स्पष्ट होगा कि आखिर आग कैसे लगी? घटना लापरवाही का नतीजा है या किसी साजिश का हिस्सा? बहरहाल मौंजू सवाल यह है आखिर अस्पतालों को आग की लपटों से कैसे बचाया जाए। सरकारों को सुनिश्चित करना होगा कि अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थल आग की भेंट न चढ़े। उनमें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों।

उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में स्पेशल न्यू बोर्न यूनिट में लगी भीषण आग में 11 बच्चों की दर्दनाक मौत दुःखद तो है ही, साथ ही अस्पतालों में सुरक्षा को लेकर व्याप्त खामियां और घोर लापरवाही को भी रेखांकित करने वाली है। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सभी बच्चे अस्सी फीसदी जले पाए गए और उनकी हड्डियां तक निकल आई थी। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियों को बुलाना पड़ा तब जाकर आग पर काबू पाया गया। अस्पताल के वार्ड की खिड़कियों को तोड़कर 39 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में स्पार्किंग के चलते लगी आग के कारण यह हादसा हुआ। चारो ओर धुंआ भर गया जिससे स्पेशल न्यू बोर्न यूनिट में रखे गए बच्चों को बाहर निकालना मुश्किल हो गया। खुलासा हुआ है कि वहां पर रखा गया अग्निशमन यंत्र चार वर्ष पहले ही एक्सपायर हो चुका था।

अगर अग्निशमन यंत्र एक्सपायर नहीं होता तो आग पर नियंत्रण पाना आसान होता और ग्यारह शिशुओं की जिंदगी आग की भेंट नहीं चढ़ती। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा मिलेगी? अच्छी बात है कि इस हादसे की जांच की जिम्मेदारी आईबी को सौंपी गई है। अब आईबी की जांच से ही स्पष्ट होगा कि आखिर आग कैसे लगी? घटना लापरवाही का नतीजा है या किसी साजिश का हिस्सा? बहरहाल मौंजू सवाल यह है आखिर अस्पतालों को आग की लपटों से कैसे बचाया जाए। बेशक केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा पीड़ितों को मुआवजा देना अच्छी बात है। लेकिन यह पर्याप्त नहीं कि सरकारें मृतकों और घायलों के परिजनों को मुआवजा थमाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ ले। यह एक किस्म से अपनी नाकामी छिपाने का तरीका भर है। सरकारों को सुनिश्चित करना होगा कि अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थल आग की भेंट न चढ़े। उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। ऐसा इसलिए कि अस्पतालों एवं अन्य स्थलों पर आग लगने की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं। शायद ही कोई वर्ष गुजरता हो जब अस्पतालों में आग लगने के कारण मरीजों की मौत की खबर सुर्खियां न बनती हों। सवाल लाजिमी है कि जब अस्पताल ही सुरक्षित व सुविधाओं से लैस नहीं होंगे तो भला वहां काम करने वाले कर्मचारी, डॉक्टर और मरीज सुरक्षित कैसे रह पाएंगे।

गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब किसी अस्पताल में लगी आग में जिंदगी खाक हुई है। याद होगा उत्तर प्रदेश की ही राजधानी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू) के ट्रामा सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग में छह मरीजों की दर्दनाक मौत हुई थी। इसी तरह गुजरात राज्य के अहमदाबाद के निजी अस्पताल में लगी भीषण आग में आठ मरीजों की दर्दनाक मौत हुई। उस अस्पताल में भर्ती मरीज कोरोना से पीड़ित थे और अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे थे। लेकिन अस्पताल की बदइंतजामी के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। गत वर्ष ओडिसा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ऐंड एसयूएम हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में भी शार्ट सर्किट से आग लगी थी जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों की



जान गयी। इसी तरह कोलकाता के नामी-गिरामी निजी अस्पताल एडवांस मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (आमरी) में भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आग लग गयी थी जिसमें 90 से अधिक लोगों की जान गयी। अभी गत वर्ष पहले ही मध्यप्रदेश राज्य के सतना जिले के एक निजी अस्पताल में भीषण आग की घटना में 32 नवजात शिशु खाक होते-होते बचे। गौर करें तो केवल अस्पताल ही नहीं बल्कि कॉम्प्लेक्स, विवाह मंडप, रेस्त्रां, होटल, कोचिंग संस्थान, मंदिर, मेला स्थल, इमारत, स्कूल, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थल कोई भी सुरक्षित नहीं हैं। हर जगह आग की लपटों से जिंदगी झुलस रही है। इन घटनाओं में एक बात समान रूप से देखने को मिल रही है कि कहीं भी आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। याद होगा गत वर्ष पहले गुजरात के सूरत की तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगी थी जिसमें 23 लोगों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का समुचित इंतजाम नहीं था। अभी गत वर्ष ही राजकोट के टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में कई बच्चों की जान गई। गर्मी की छुट्टी के कारण बच्चे वहां खेलने गए थे। लेकिन उनकी जिंदगी आग की लपटों की भेंट चढ़ गई। दिसंबर 1995 में हरियाणा के मंडी डबवाली में स्कूल के एक कार्यक्रम के दौरान पंडाल में आग लगने से तकरीबन 442 बच्चों की मौत हुई थी। इसी तरह 6 जुलाई, 2004 को तमिलनाडु के कुंभकोणम जिले में लगी आग से 91 स्कूली बच्चों ने दम तोड़ा। गत वर्ष ही देश की राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में निर्मित तीन मंजिला व्यसायिक इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हुई। 2019 में रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी में लगी भीषण आग में 43 लोगों की जान गई। बाहरी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर पांच में एक इमारत में अवैध रूप से चल रही पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में तकरीबन 17 लोगों की जान गई। गत वर्ष दिल्ली में ही किन्नरों के महासम्मेलन के दौरान पंडाल में लगी आग से 16 किन्नरों की जान जा चुकी है। जहां तक अस्पतालों का सवाल है तो उचित होगा कि सभी राज्य सरकारें सरकारी अस्पतालों को बेहतर सुरक्षा से लैस करने के साथ-साथ सभी सुरक्षा विहिन गैर-जिम्मेदार निजी अस्पतालों को भी पुख्ता सुरक्षा इंतजामों से लैस करें। अगर जरूरत पड़े तो इसके लिए कड़े कानून भी बनाएं। नियमों का अनुपालन न करने वाले अस्पतालों के संचालकों को दंडित करें। ऐसा इसलिए कि अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं में कमी के बजाए निरंतर वृद्धि हो रही है। कई सर्वे से उद्घाटित हो चुका है कि अस्पताल चाहे सरकारी हों या निजी सभी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आंख बंद किए हुए हैं। नतीजा मरीजों की जिंदगी भगवान भरोसे है। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि देश के सभी सरकारी और निजी अस्पताल आग से बचाव के लिए सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था के साथ जरूरत पड़ने पर उसका इस्तेमाल करने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की अतिशीघ्र नियुक्ति करें। अक्सर देखा जाता है कि अस्पतालों में आग से बचाव के लिए सुरक्षा उपकरण तो होते हैं लेकिन आग लगने पर बचाव के लिए उस उपकरण का इस्तेमाल नहीं हो पाता है। इसका कारण है कि अस्पतालों में आग बुझाने वाले प्रशिक्षित कर्मी नहीं होते हैं। अगर समय रहते इन उपकरणों का इस्तेमाल हो तो लोगों की जिंदगी बचायी जा सकती है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि अस्पताल सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ही उदासीन नहीं हैं। अब तो यहां किस्म-किस्म के गोरखधंधे भी उजागर होने लगे हैं। कई बार तो निजी अस्पतालों से नवजात बच्चों की चोरी से लेकर मानव अंगों की तस्करी का मामला अखबारों में सुर्खियां बनता है। अब तो अस्पताल सेवा का केंद्र बनने के बजाए अवैध धन कमाने का केंद्र बनने लगे हैं। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और मानवता को शर्मसार करने वाली है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिक
सतीश सिंह



# शादियों से मजबूत होती भारतीय अर्थव्यवस्था

विवाह सिर्फ दो युवाओं या दो परिवारों का ही मिलन नहीं है, बल्कि यह रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का माध्यम भी है। चूंकि, भारत में कई धर्मों के लोग रहते हैं, इसलिए, यहां सालभर शादियां होती रहती हैं, लेकिन देश के बहुसंख्यक समाज हिंदुओं की शादियां अमूमन नवंबर से जुलाई महीने तक होती हैं। सभी धर्मों के मतावलम्बी अपनी हैसियत के अनुसार विवाह में खर्च करते हैं, लेकिन हिंदू धर्म के अनुनायी अन्य धर्म के मतावलम्बियों से ज्यादा खर्च करते हैं। दरअसल,भारतीय समाज में विवाह को बेहद ही अहम माना गया है। इसलिए, लोग इस आयोजन को यादगार बनाना चाहते हैं। गुजरात में 12 नवंबर यानी देवउठनी एकादशी के दिन 90 हजार से ज्यादा शादियां हुईं। एक अनुमान के अनुसार इन शादियों में 12 हजार करोड़ से अधिक खर्च हुए। देश के दूसरे प्रदेशों में भी देवउठनी एकादशी से शादी का शुभारंभ हो गया है। देशभर में जनवरी महीने में खरमास शुरू होने के पहले तक 48 लाख शादियां होने का अनुमान है, जिसमें 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की उम्मीद है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड्स के एक सर्वे के मुताबिक 2023 में 15 जनवरी से 15 जुलाई के बीच 42 लाख से ज्यादा शादियां हुईं और उन पर 5.5 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए। वित्त वर्ष 2023-24 में नॉमिनल जीडीपी लगभग 294 लाख करोड़ रुपये की थी और शादियों में हर साल लगभग औसतन 12 लाख करोड़ खर्च हो रहे हैं। इस तरह, जीडीपी में शादी उद्योग का योगदान 4.08 प्रतिशत का है। भारत में सबसे ज्यादा शादियां होने के बावजूद चीन में शादी उद्योग का आकार भारत से बड़ा और व्यापक है अर्थात वहां शादियों में भारत से ज्यादा राशि का कारोबार होता है और वह मामले में दुनिया में पहले स्थान पर काबिज है और हमारा देश दूसरे स्थान पर और अमेरिका चौथे स्थान पर। आजकल डेस्टिनेशन वेडिंग का भी खूब चलन है। गुजरात में स्टेचू ऑफ यूनिटी, कच्छ का रण, सापुतारा, अहमदाबाद, राजकोट, वडोदरा, दमन, दियू आदि जगहों पर गुजरातियों के अलावा दूसरे राज्यों के लोग भी डेस्टिनेशन वेडिंग कर रहे हैं। अधिकांश लोग इसके लिए इवेंट मनेजमेंट की सेवाएं ले रहे हैं। शादी उद्योग का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार भी देश में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए कोशिश कर रही है। सरकार चाहती है कि लोग विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग करने की जगह अपने देश में विवाह के बंधन में बंधें, ताकि देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए और मेक इन इंडिया की संकल्पना को बल मिले। इसके लिए सरकार देश में कुछ स्थानों को आकर्षक और विकसित बनाने की योजना पर काम कर रही है। एक अनुमान के अनुसार इस पहल से हर साल देश में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों से देश में डेस्टिनेशन वेडिंग करने की अपील की है। अब लोग धीरे-धीरे शादी में विदेशी सामानों की जगह देसी सामानों को खरीदने में प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" की संकल्पना को बल मिल रहा है। हाल के वर्षों में शादी के खर्च यानी सामान एवं सेवा दोनों में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। होटल या रिसोर्ट की बुकिंग में 10 से 15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। खाने में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। घोड़ी, बैंड-बाजा एवं बारात पर होने वाले खर्च में भी बढ़ोतरी हुई है। बावजूद इसके, लोग जीवन के सबसे महत्वपूर्ण आयोजन में बहुत कटौती नहीं कर रहे हैं। इसलिए, आगामी सालों में शादी उद्योग में और भी मजबूती आने की संभावना है।

शादी में अमीर और गरीब सभी अपने सामर्थ्य के अनुसार सोने के गहने और दूसरी जरूरत की वस्तुएं अपनी बेटी या बहन को देते हैं। ऐसी परंपरा के कारण भारत में हमेशा सोने की मांग बनी रहती है। 2023 में सोने की खपत में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और 2024 में इसमें और भी बढ़ोतरी होने की संभावना है, क्योंकि इस साल खास शुभ मुहूर्त की संख्या ज्यादा है। साथ ही ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता कम हुई है। डॉलर भी मजबूत हुआ है और इससे सोने में निवेश के प्रतिशत में गिरावट आई है, जिससे भारत समेत दुनियाभर में सोने की कीमत में कमी आई है। कहा जा सकता है कि विवाह जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन होता है। इसमें कुछ लोग दिखावा में अपने सामर्थ्य से भी अधिक खर्च करते हैं। बहरहाल, खर्च में वृद्धि से रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों में तेजी और अर्थव्यवस्था में मजबूती आती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

## एक छोटा गलत काम पूरे जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं। अगर अवगुण छोटा सा भी हुआ तो हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### गंगा को दूषित न करें

हम कितने स्वार्थी हैं, कुदरत के मुफ्त में दिए अनमोल तोहफों को भी अपने स्वार्थ के लिए दूषित करने से परहेज़ नहीं करते। आजकल दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में वायु प्रदूषण की आफत की खबरें सुर्खियों में हैं, लेकिन इसी बीच गंगा के कुछ स्थानों पर दूषित होने की खबर भी सुर्खियों में है। हाल ही में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने खुलासा किया है कि उत्तर प्रदेश में दूषित पानी अर्थात शायद सीवरेज का गंदा पानी गंगा में बहाया जा रहा है जिस कारण कुछ जगहों पर गंगा दूषित हो रही है। यह बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है, क्योंकि इससे लोगों की आस्था से भी खिलवाड़ हो रहा है। गंगा भारत की मात्र एक नदी ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की एक अनोखी पहचान भी है। गंगा की साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए। महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़िया हैं। - **महेश झा**, दुर्ग


## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि अर्पित की



गुयाना के जॉर्जटाउन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके शाश्वत मूल्य संपूर्ण मानव जाति को शक्ति और आशा देते हैं। उनके विचार हमारे ग्रह को बेहतर और अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में कई समाधान प्रदान करते हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सरकार संज्ञान ले



यूपी के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद को लेकर अचानक विवाद, सुनवाई और फिर आपाधापी में सर्वे की खबरें राष्ट्रीय चर्चा व मीडिया की सुर्खियों में है, किन्तु इस प्रकार से सद्भाव व माहौल को बिगाड़ने का संज्ञान सरकार तथा मा. सुप्रीम कोर्ट को भी जरूर लेना चाहिए।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### गुयाना में ज्यादातर भारतीय



गुयाना आर्थिक सफलता का नया पोस्टर बॉय है। इसके अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद इरफान अली के पूर्वज यूपी के बस्ती से हैं। गुयाना की ज्यादातर आबादी मूल रूप से यूपी-बिहार की है। भारतीय दुनिया में जहां भी जाएंगे, अपनी छाप छोड़ेंगे।
**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### प्यार की सच्ची परिभाषा



प्यार की सच्ची परिभाषा को पकड़े रहें। चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो, किसी ऐसे व्यक्ति को मत छोड़ो जो वास्तव में आपकी और आपकी खुशी की परवाह करता है।
**- जया किशोरी, आध्यात्मिक वक्ता**

## करंट अफेयर

# कैम्ब्रिज डिक्शनरी में हुआ 'मैनिफेस्ट' शब्द नामित

कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने 'मैनिफेस्ट' शब्द को वर्ष 2024 का शब्द नामित किया है। मशहूर हस्तियों द्वारा इसके उपयोग के साथ विकसित हुए 'मेनिफेस्ट' का अर्थ इस विश्वास के साथ एक उपलब्धि की कल्पना करना है कि ऐसा करने से इसके घटित होने की अधिक संभावना होगी। डिक्शनरी में उल्लेख किया गया है कि यह शब्द स्व-सहायता समुदाय और सोशल मीडिया पर उपयोग से हटकर मुख्यधारा के मीडिया और उससे परे व्यापक रूप से उपयोग किया जाने लगा है। इसमें यह भी कहा गया है कि गायिका दुआ लीपा और ओलंपिक जिमनास्ट सिमोन बाइल्स जैसी मशहूर हस्तियों ने 2024 में अपने सफलता प्रकटीकरण के लिए इस शब्द का उपयोग किया। इसमें कहा गया कि संबंधित शब्द के उल्लेख ने कोविड महामारी के दौरान जोर पकड़ लिया और उसके बाद के वर्षों में इसमें वृद्धि हुई है, विशेष रूप से टिकटॉक और अन्य सोशल मीडिया चैनलों पर जहां लाखों पोस्ट और वीडियो के साथ 'हैशटैग मैनिफेस्ट'' का उपयोग किया गया।



## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक

फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति-संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




जांच में जुटी पुलिस

# सड़क किनारे मिला युवक का शव, ठंड से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर के शिशु मंदिर के समीप एक युवक का संदिग्ध परिस्थितयों में शव मिला है। मृतक का शरीर अकड़ा हुआ था ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि रातभर खुले आसमान के नीचे पड़े रहने के कारण ठण्ड से युवक की मौत हुई है हालांकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन ने हाइपोथर्मिया से मौत की पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि शहर के गांधीनगर निवासी 43 वर्षीय इंद्रजीत सिंह चौहान आ. फुलेश्वर चौहान



दुकान में काम करके अपना जीवन यापन करता था और अक्सर घर से निकल जाता था। युवक नशे का आदि था और आए दिन नशे में घर से बाहर ही रहता था। दो दिनों पूर्व भी इंद्रजीत सिंह चौहान अपने घर से निकला था लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। इस बीच शुक्रवार की सुबह घड़ी चौक सरस्वती शिशु मंदिर के समीप एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही पहचान कराई गई। मृतक की शिनाख्त इंद्रजीत सिंह के रूप में होने पर परिजन को घटना की सूचना दी गई। मृतक के गर्म कपड़ा भी पहना हुआ था लेकिन संभावना जताई जा रही है कि नशे में होने के कारण वह सड़क किनारे दुकान के नीचे ही सो गया। कड़ाके की ठंड के बीच रात भर खुले में पड़े रहने के कारण संभवतः उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

# बीमा कंपनी देगी 5 लाख की क्षति पूर्ति व भरेगी 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जिला उपभोक्ता आयोग के संयुक्त खंडपीठ ने दिया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को 5 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपए का जुर्माना अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपालपटनम निवासी पंकज कुमार पदमटिंटी द्वारा अपनी पिकअप वाहन का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से करवाया गया था। आवेदक की उक्त पिकअप वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई




थी, जिसकी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष क्षतिपूर्ति दावा प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस पर बीमा कंपनी द्वारा साल्वेज की कीमत और आरसी बुक निरस्तीकरण के दस्तावेज की मांग की गई थी। आवेदक द्वारा उक्त वाहन को फायनेंस के माध्यम से क्रय किए जाने के कारण फायनेंस की किश्त अदा करने की पश्चात उक्त वाहनकी आरसी बुक निरस्त करवाई गई थी।

# 1 लाख के इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष देवाराम गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मुखबिर की सूचना पर 22 नवम्बर को थाना अरनपुर निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव व अन्य पुलिस स्टाफ के साथ ग्राम ककाड़ी रवाना हुए, जहां पर प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सदस्य 1 लाख इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष देवा राम मरकाम उर्फ लम्बू देवा पिता स्व. जोगा राम मरकाम उम्र लगभग 34 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर माओवादी साथियों के साथ उक्त घटना में संलिप्त होना स्वीकार किया। जिसे आज गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय एन.आई.ए. एक्ट दन्तेवाड़ा में न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया है। प्रकरण में 1 माओवादी आरोपी आयता मरकाम को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना में शामिल फरार अन्य माओवादी की तलाश की जा रही है। 7 नवम्बर 2023 को विधानसभा निर्वाचन



दौरान 111 वाहिनी ''सी'' कम्पनी के.रि.पु.बल अरनपुर से कुल 45 का बल आरओपी ड्यूटी पर अरनपुर से सोमापारा भीमापारा की ओर रवाना हुये थे कि प्रतिबंधित माओवादी संगठन के द्वारा रास्ते में पुलिस पार्टी व आम जनता को नुकसान पहुंचाने, हत्या करने, सुरक्षा बलों के हथियार लूटने की नियत से करीबन 3-3 कि.ग्रा. का 2 प्रेशर बम आई.ई.डी. लगाये थे।

# जेल के दो बंदियों की मौत होगी मजिस्ट्रियल जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध दो विचाराधीन बंदियों की मौत हो गई। एक पिछले कुछ समय से मेकाहारा रायपुर में भर्ती था।

वह फरीदनगर भिलाई निवासी पिंटू नेताम बताया गया है। पिछले दिनों परिजनों ने उससे पुलिस द्वारा कथित रूप से मारपीट का आरोप लगाया था। हालांकि पुलिस ने इस प्रकार की किसी भी घटना से इंकार किया है, साथ ही कुछ लोगों द्वारा इस अफवाह को जानबूझकर फैलाने की बात कही है। इस मामले को लेकर ही दो दिन पहले स्मृतिनगर में जमकर हंगामा मचा। परिजनों ने पत्थरबाजी की, पुलिस अधिकारियों से दुर्व्यवहार किया, जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था। मृतक पिंटू लूट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

एक अन्य घटना में बजरंग नगर कंडरापारा निवासी घनश्याम साहू (40 वर्ष) की मौत हो गई। उसे हाइपर टेंशन की शिकायत थी। तबीयत बिगड़ने के बाद जेल प्रहरियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक दोनों ही मामले में मजिस्ट्रियल जांच होगी।

# बोंदा में गोदाम से 500 क्विंटल अवैध धान जब्त, अफसरों ने किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली तहसील के ग्राम बोंदा में साई कृपा ट्रेडर्स के गोदाम पर अनुविभागीय अधिकारी (आईएएस) नम्रता चौबे के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की है। शुक्रवार को किए गए निरीक्षण में गोदाम में 500 क्विंटल अवैध धान का स्टॉक पाया गया, जिसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार श्रीधर पंडा, राजस्व मंडी अधिकारी, पटवारी मौजूद थे। एसडीएम चौबे ने बताया कि यह स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है और धान का अवैध भंडारण खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। मौके पर ही अधिकारियों ने गोदाम को सील कर दिया और स्टॉक जब्त कर लिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध धान भंडारण जैसे मामलों पर सख्ती से कदम उठाए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों की रक्षा और बिचौलियों पर नियंत्रण के लिए ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई प्रशासन की सक्रियता और पारदर्शिता को दर्शाती है।

# मोबाइल टॉवर से मिला लोकेशन, जम्मू से नाबालिग बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईखदान

एक नाबालिग को अपने साथ भगा ले जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को जम्मू काश्मीर से गिरफ्तार किया एवं नाबालिग को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना छुईखदान के अपराध धारा 363 भादवि के प्रकरण में कार्रवाई किया गया। पुलिस ने सायबर सेल केसीजी से प्राप्त मोबाइल टॉवर लोकेशन के आधार पर अपहृता का जम्मू काश्मीर में होने की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम गठित कर टीम को जम्मू कश्मीर रवाना किया। जहां से बमुश्किल हरसंभव प्रयास कर पता तलाश कर नाबालिग लड़की को आरोपी रजत कुमार कश्यप के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी रजत कुमार कश्यप 26 साल साकिन संडेल थाना उरगा जिला कोरबा के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई व गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।



*भाजपा नेता विनोद तावड़े ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सुप्रिया श्रीनेत को कानूनी नोटिस भेजकर उनसे माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस नेताओं ने ऐसा नहीं किया तो तावड़े उन पर मानहानि का केस करेंगे।*

**कांग्रेस नेताओं द्वारा 24 घंटे में माफी न मांगने पर 100 करोड़ का करेंगे मानहानि दावा**

# तावड़े ने राहुल, खड़गे और सुप्रिया को भेजा मानहानि नोटिस

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले लगा था पैसे बांटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा है कि कांग्रेस के इन तीनों नेताओं ने अगले 24 घंटे के भीतर अगर माफी नहीं मांगी तो वे 100 करोड़ रुपए की मानहानि का दावा उनके खिलाफ करेंगे। मालूम हो कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से कुछ घंटे पहले ही मंगलवार को बहुजन विकास अघाड़ी के नेता हितेंद्र ठाकुर ने विनोद तावड़े पर विरार के होटल में पांच करोड़ रुपये बांटने का आरोप लगाया था। इस आरोप के बाद विपक्षी दलों कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) के साथ ही शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने उनके खिलाफ आरोपों पैसे बांटकर चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के आरोप लगाये थे। हालांकि विनोद तावड़े ने पैसे बांटने के आरोपों से साफ इनकार कर दिया था। उन्होंने उस दिन कहा था कि वह सिर्फ चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देने होटल पहुंचे थे।

**मामले में जिन पांच करोड़ रुपयों की बात की जा रही है वे चुनाव आयोग और पुलिस की जांच में कभी बरामद नहीं हुए : भाजपा महासचिव**



**मैं बेवकूफ नहीं हूं जो होटल में जाकर पैसे बांटूंगा**

तावड़े ने कहा कि 'द विवांता होटल (पालघर के विरार में स्थित) के मालिक ठाकुर हैं और मैं बेवकूफ नहीं हूं जो उनके होटल में जाकर पैसे बांटूंगा।' भाजपा नेता ने कहा कि वह बीते 40 वर्षों से राजनीति में हैं और चुनाव को लेकर नियमों और दिशा-निर्देशों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मैं सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करने गया था, मैं कोई प्रचार नहीं कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में तावड़े और भाजपा उम्मीदवार राजन नाईक के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थी।

### नोटिस का स्क्रीनशॉट शेयर

नोटिस में तावड़े ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे, निराधार और गलत इरादे से लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वह नकदी के बदले वोट विवाद में उनके खिलाफ दिए गए बयानों के लिए इन तीनों नेताओं से माफी मांगने की मांग करते हैं। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो वह उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करने के लिए मजबूर होंगे। भाजपा नेता ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी कानूनी नोटिस का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर झूठ फैलाने और अपनी निम्न-स्तरीय राजनीति से देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा झूठ फैलाना

*विनोद तावड़े ने इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा झूठ फैलाना है। मैंने नालासोपारा मामले में निराधार आरोपों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और उनकी पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मेरी और भाजपा की छवि खराब करने की उनकी कोशिशों के बावजूद, सच्चाई साफ है। मामले में जिन पांच करोड़ रुपयों की बात की जा रही है वे चुनाव आयोग और पुलिस की जांच में कभी बरामद नहीं हुए।*

---

## खबर संक्षेप

### 'केजरीवाल से हजार गुना बेहतर हैं आतिशी'



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच की तल्खी जगजाहिर है। सरकारी फाइलों और विकास परियोजनाओं को लेकर ज्यादातर दोनों आमने-सामने ही रहते हैं। लेकिन शुक्रवार को एक ऐसा मौका आया जब दिल्ली के एलजी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उनकी तारीफ की। एलजी वीके सक्सेना शुक्रवार को आईजीडीटीयूडब्लू (इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय) के दीक्षांत समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी मौजूद थीं। अपने भाषण में एलजी ने कहा, 'मुझे खुशी है कि आज दिल्ली की मुख्यमंत्री महिला हैं।'

### 'फ्री की रेवड़ी' दिल्ली की जनता तय करेगी : केजरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज विधानसभा चुनाव से पहले पूरे दिल्ली में 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता का पैसा, जनता की रेवड़ी, तो उस पर हक़ भी जनता का ही है। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा, 'पीएम मोदी ने कई बार कहा है कि केजरीवाल मुफ़्त की रेवड़ी दे रहे हैं और इसे बंद किया जाना चाहिए। केजरीवाल खुलेआम कह रहा है कि हम ये रेवड़ी दे रहे हैं।

### पंजाब की औषधि कंपनी पर पांच करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण मानदंडों के उल्लंघन के लिए पंजाब की एक औषधि कंपनी पर पांच करोड़ रुपये का अंतरिम जुर्माना लगाया है। एनजीटी ने कहा कि पंजाब राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीएसपीसीबी) अपने वैधानिक कार्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में विफल रहा। अधिकरण ने बोर्ड को अंतरिम जुर्माना लगाने के अलावा कंपनी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का भी निर्देश दिया। एनजीटी साहिबजादा अजित सिंह नगर जिले के हैबतपुर गांव में स्थित 'नेक्टर लाइफ साइंसेज लिमिटेड' के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

---

महाराष्ट्र में चुनाव नतीजों के पहले ही महायुति व महाविकास अघाड़ी के धड़ों में जोर आजमाइश शुरू

# अब महायुति में भी प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू अजित को सीएम बताते लगे पोस्टर-बैनर

## अन्य दलों की नाराजगी के बाद हटाना पड़ा पोस्टर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित होना है, लेकिन इसके पहले ही यहां महायुति व महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। बुधवार को अघाड़ी के कांग्रेस ने जहां अपना सीएम होने का दावा कर दिया था वहीं अब महायुति में भी एनसीपी नेता अजीत पवार को लेकर ऐसी ही मांग उठी है। बारामती (पुणे) में अजित के भावी मुख्यमंत्री वाले पोस्टर दिखे हैं। इसमें साफ तौर से संदेश देने की कोशिश की गई है कि प्रदेश के अगले सीएम एनसीपी के प्रमुख अजित पवार को बनाया जाना चाहिए। दरअसल, अजित गुट के नेताओं ने 'भावी मुख्यमंत्री' के पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें अजित पवार को मुख्यमंत्री के रूप में दिखाया गया है। न्यूज़ एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह पोस्टर पार्टी नेता संतोष नांगरे द्वारा पुणे में लगाया गया है। वहीं, पार्वती विधानसभा क्षेत्र में संतोष नांगरे नाम से कार्यकर्ताओं ने बैनर लगाए हैं। इसमें भारी मतों से जीत पर मुख्यमंत्री अजित पवार को बधाई दी गई है। पोस्टर में अजित पवार को मुख्यमंत्री बताया गया है।




### विवाद बढ़ने पर हटाया पोस्टर

जब इसे लेकर विवाद शुरू हुआ तो पोस्टर को हटा लिया गया है। दरअसल, यह पोस्टर बीजेपी और शिवसेना (शिंदे) गुट को यह पसंद नहीं आया। बता दें, महायुति (बीजेपी, शिवसेना (शिंदे) और अजित पवार (एनसीपी) ने किसी भी तरह की गुटबाजी से बचने के लिए किसी भी नेता को मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश नहीं किया था। लेकिन, अब जब चुनाव नतीजे आने में कुछ घंटे का समय शेष बचा है तो डिप्टी सीएम अजित पवार को उनकी पार्टी के नेताओं ने सीएम बताने वाले पोस्टर लगा दिए हैं।

### चार बार के डिप्टी सीएम

अजित पवार महाराष्ट्र में चार बार के डिप्टी सीएम हैं, इसके बाद भी उन्हें अब तक सीएम पद नहीं मिल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम बनने की इच्छा अजित पवार कई बार मंचों खुलेतौर पर मंचों से जता चुके हैं। चाचा शरद पवार से अलग होने के बाद बीजेपी के साथ सत्ता में शामिल हुए अजित पवार और उनके कार्यकर्ताओं इच्छा जाहिर कर रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए।

### महायुति बनाम महा विकास अघाड़ी

बता दें, राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) शामिल हैं, जबकि विपक्षी एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी एसपी (शरद पवार गुट) शामिल हैं।

### खोखे वालों का दबाव होगा, विधायकों को होटल में रखेंगे : राउत

सरकार बनाने को लेकर महायुति से लेकर महाविकास अघाड़ी तक अपने-अपने दावे कर रही हैं। इस बीच शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने अघाड़ी की प्लानिंग बता दी है। उन्होंने दावा किया है कि राज्य में उनकी ही पार्टी की सरकार बनने वाली है। संजय राउत ने कहा कि उनके विधायकों पर महायुति की नजर होगी इसलिए सभी विधायक होटलों में रखे जाएंगे।



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर आने वाले नतीजों से पहले राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन 160 से 165 सीटें जीतने वाला है। उन्होंने कहा कि उनके जीतने वाले विधायकों पर एनडीए गठबंधन के लोग दबाव बना सकते हैं। राउत ने महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे आने से पहले मीडिया से बातचीत में कहा कि कल नतीजे आएंगे। हमें यकीन है कि हमें बहुमत मिलने वाला है। हमारे 160-165 विधायक चुने जाएंगे। संजय राउत ने कहा कि 'खोखा वाले' उन पर दबाव बनाएंगे, इसलिए हमने विधायकों के लिए एक होटल में एक साथ रहने की व्यवस्था की है। नतीजों के बाद अगर विपक्षी गठबंधन को बहुमत मिलता है तो उस स्थिति में सीएम पद पर दावेदारी को लेकर भी एमवीए में टकराव हो सकता है।

### महायुति में नेताओं के बीच सीएम बनने की होड़ नहीं : शिंदे

इधर, शिवसेना (शिंदे गुट) सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महायुति के नेता एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे कि महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन होगा। उन्होंने कहा कि यहां नेताओं के बीच सीएम बनने की होड़ कभी नहीं रही। हम अगले पांच वर्षों में और अधिक विकास कार्य करने के लिए सरकार बनाना चाहते हैं। पिछले ढाई वर्षों में, महा विकास अघाड़ी ने केवल इस बात पर चर्चा की कि सीएम कौन होगा; रोज वे सिर्फ इस पर चर्चा करते थे। उनका संदेश जनता तक नहीं पहुंचा।

---

काशी विश्वनाथ व ज्ञानवापी मस्जिद मामला

# एएसआई और मस्जिद प्रबंधन को नोटिस जारी



सुप्रीम कोर्ट के समक्ष 'वजूखाना' के एएसआई सर्वेक्षण की रखी गई है मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। शीर्ष कोर्ट ने यह नोटिस हिंदू याचिकाकर्ताओं की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के 'वजूखाना' क्षेत्र का सर्वेक्षण एएसआई से कराने की मांग की है। हिंदू पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान एक शिवलिंग मिला था। सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। मामले पर वकील वरुण कुमार सिन्हा ने कहा, ज्ञानवापी मामला सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध था। एक आवेदन दायर किया गया था कि वाराणसी जिला न्यायालय के सभी मुकदमों को हाईकोर्ट में स्थानांतरित कर दिया जाए और उन्हें समेकित कर दिया जाए, ताकि सभी सुनवाई एक ही अदालत में हो।

### 19 दिसंबर तक सुनवाई स्थगित

सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 19 दिसंबर तक स्थगित किया है। उन्होंने कहा, ज्ञानवापी से जुड़ी सभी याचिकाओं को सूचीबद्ध किया जाएगा और सुनवाई शुरू करने की तारीख तय की जाएगी। सील किए गए क्षेत्र की एएसआई जांच की मांग वाले अंतरिम आवेदनों को सूचीबद्ध किया गया था। 16 मई, 2022 को हमने दावा किया था कि तथाकथित 'वजूखाना' क्षेत्र में एक शिवलिंग पाया गया था। अंजुमन इंतजामिया इसको खारिज करती है और कहती है कि यह एक फव्वारा है। हमने इस क्षेत्र की एएसआई जांच की मांग की थी और हमने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अंतरिम आवेदन दायर किया था, जिसे आज के लिए सूचीबद्ध किया गया था। उस पर ही सुप्रीम कोर्ट ने आज अंजुमन इंतजामिया को नोटिस जारी किया है और दो हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

---

# गोवा के समुद्र में हुई नौसेना की पनडुब्बी व मछली पकड़ने वाले जहाज की टक्कर

बचाव अभियान के जरिए चालक दल के 13 में से 11 सदस्यों को सुरक्षित बचाया गया, 2 की तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

13 सदस्यों वाले मछली पकड़ने वाले एक जहाज मार्थोमा की बीते गुरुवार को गोवा के उत्तर-पश्चिम में लगभग 70 समुद्री मील की दूरी पर भारतीय नौसेना की एक पनडुब्बी से टक्कर हो गई। जिसके बाद चालक के सभी 13 सदस्य लापता हो गए। इनकी तलाश के लिए नौसेना ने अपने छह जहाजों और विमानों के साथ एक व्यापक खोज और बचाव अभियान की शुरुआत की। अब तक 11 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि बाकी बचे हुए 2 लोगों की तलाश जारी है। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि मार्थोमा के चालक दल के बाकी दो सदस्यों की तलाश के लिए नौसेना का खोज-बचाव अभियान जारी है।

### घटना को लेकर चल रही जांच

*नौसेना के मुताबिक, बचाव अभियान को लेकर नौसेना मुंबई के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) के साथ समन्वय कर रही है। इसके अलावा क्षेत्र में बचाव प्रयासों को बढ़ाने के लिए तटरक्षकबल सहित अतिरिक्त संसाधनों को को भी तैनात किया गया है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए नौसेना की जांच जारी है।*

---

## रूस ने उत्तर कोरिया को दीं एंटी-एयर मिसाइलें

**सियोल।** रूस ने उत्तर कोरिया को एंटी-एयर मिसाइल और अन्य हथियारों की आपूर्ति की है, बदले में उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक भेजे हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने 10 हजार से अधिक सैनिक रूस भेजे हैं। दक्षिण कोरिया के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

- बदले में मिले 10000 से अधिक सैनिक

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक शिन वोंसिक ने शुक्रवार को एक टीवी कार्यक्रम में बताया कि रूस ने उत्तर कोरिया की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए उसे एंटी-एयर मिसाइलों और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की है। शिन के मुताबिक, रूस ने उत्तर कोरिया को आर्थिक मदद भी दी है।

---

# नेतन्याहू को एक और झटका, हमास ने गाजा में 15 इजरायली सैनिकों को मारा

अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट ने जारी किया है इजरायली अरेस्ट वारंट

एजेंसी ▶▶ गाजा

हमास ने एक बड़ा दावा किया है। उसने कहा कि उसके सैन्य ब्रिगेड अल-कस्साम के लड़ाकों ने उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में लगभग 15 इजरायली सैनिकों को मार गिराया है। एक प्रेस बयान में अल-कस्साम ब्रिगेड ने कहा कि उसके लड़ाकों ने इजरायली पैदल टुकड़ी को निशाना बनाया है। इसके अलावा उत्तरी गाजा के जबालिया कैंप के पश्चिम में सफतावी क्षेत्र के पास एक इजरायली मर्कवा टैंक को भी निशाना बनाया गया है। यह जानकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने दी है। उधर, इस्लामिक जिहाद मूवमेंट की सशस्त्र



शाखा अल-कुद्स ब्रिगेड का कहना है कि उसने सेंट्रल जाबालिया कैंप में जाबालिया सर्विसेज क्लब के पास इजरायली सैनिकों और वाहनों के जमावड़े को 60 मिमी मोर्टार के गोले से निशाना बनाया। हालांकि इजरायली सेना ने इन हमलों के संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। गौरतलब है, एक दिन पहले ही अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट ने नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है।

### युद्ध में 44 हजार मौतें

*पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले के बाद से ही दोनों के बीच भीषण युद्ध छिड़ा है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक इजरायल और हमास युद्ध में अब तक 44,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। घरों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। 7 अक्टूबर को करीब 2500 से अधिक हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया था। इसमें 1200 इजरायलियों की जान गई थी। वहीं 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया था।*

---

**कनाडा सरकार ने लिया एक और यूटर्न**

हाल में भारतीय यात्रियों के लिए की थी अस्थायी प्रोटोकॉल की घोषणा

# अब एयरपोर्ट पर नहीं होगी भारतीयों की कड़ी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ ओटावा



भारत और कनाडा के बीच चल रहे तनाव के बीच हाल ही में कनाडा सरकार ने भारत आने वाले यात्रियों के लिए एक्स्ट्रा सिक्योरिटी चेक की घोषणा की थी जिसके कुछ दिनों बाद अब कनाडा ने अपना आदेश वापस ले लिया है। सोमवार को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बारे में घोषणा करने के बाद अब कनाडा सरकार ने शुक्रवार को इसे वापस ले लिया है। सोमवार को कनाडा की परिवहन मंत्री अनीता आनंद ने अस्थायी प्रोटोकॉल की घोषणा की थी, जिसके तहत भारत आने वाले यात्रियों के लिए सुरक्षा जांच बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि नए सुरक्षा उपायों को अत्यधिक सावधानी के तौर पर लागू किया गया है। यह अधिसूचना भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई। आनंद ने कनाडाई प्रसारक सीबीसी को बताया, "ट्रांसपोर्ट कनाडा ने भारत आने वाले यात्रियों के लिए अस्थायी अतिरिक्त सुरक्षा जांच उपाय लागू किए हैं। जिसके कारण यात्रियों को इन उपायों के लागू रहने के दौरान जांच में कुछ देरी का सामना करना पड़ सकता है।'

### यात्रियों को चार घंटे पहले आने की सलाह

कनाडाई हवाई परिवहन सुरक्षा प्राधिकरण (सीएडीएसए) जो कनाडाई एयर पोर्ट के प्रतिबंधित क्षेत्रों में यात्रियों और सामान की जांच की देखरेख करता है, उसने सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने को कहा। परिणामस्वरूप, एयर कनाडा ने भारत जाने वाले यात्रियों से आग्रह किया था कि वे सिक्योरिटी लाइनों में ज्यादा समय न लगाएं और प्रस्थान के निर्धारित समय से कम से कम चार घंटे पहले एयर पोर्ट पर पहुंच जाएं। एयर कनाडा द्वारा यात्रियों को भेजी गई सूचना में कहा गया, "भारत की यात्रा करने वाले सभी यात्रियों के लिए ट्रांसपोर्ट कनाडा द्वारा सुरक्षा संबंधी कड़े आदेश दिए जाने के कारण, आपकी आगामी उड़ान के लिए सिक्योरिटी चेक टाइम अपेक्षा से अधिक लंबा होने की संभावना है।' अधिसूचना में कहा गया था, "आपकी यात्रा में किसी भी व्यवधान को कम करने के लिए, हम आपको अपनी उड़ान के प्रस्थान से 4 घंटे पहले पहुंचने की सलाह देते हैं। हम आपके धैर्य और समझ की सराहना करते हैं।'

**गुमशुदा**



नाम-संदीप कुमार शर्मा
यह उसलापुर मौसाजी वाइट हाउस के पीछे में रहते है यह दिमागी रूप से विचलित है, गले में टैटू का निशान है और घर से 16/11/24 से लापता है अगर किसी को यह व्यक्ति दिखे तो नीचे दिए गए नंबर पर सम्पर्क करें
**7898912111, 7000324710**
**सूचना देने वालो को उचित इनाम दिया जायेगा।**

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद महासमुन्द, जिला - महासमुन्द (छ.ग.)**
Tele Phone No-07723-224985, Email ID-nppmahasamund@gmail.com

क्र./1579/न.पा./लो.नि.वि./2024-25 महासमुन्द दिनांक 21/11/2024

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद् महासमुन्द के अधीन निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा प्रपत्र - "A" (एस.ओ.आर.आईटम हेतु) में छ.ग. लोक निर्माण विभाग मे प्रचलित भवन / सड़क एस.ओ. आर. (दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील ) एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. (दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील ) प्रतिशत दर पर एवं निविदा प्रपत्र- "B" (नॉन एस.ओ.आर. आईटम हेतु) संलग्न प्राईज बिड पर आमंत्रित की जाती है :-

1. Date of Issue of Tender - 22/11/2024 10.30 AM
2. Last Date for On Line Submission for Technical & Financial Bid - 09/12/2024 05.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid - 13/12/2024 03.00 PM
4. Bid Open Date - 13/12/2024 04.00 PM

| क्र. | सिस्टम टेन्डर | कार्य विवरण | निविदा राशि (रू. लाख में) | | अमानत राशि | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SOR | Non SOR | | | | |
| 1 | 161598 | वार्ड क्र. 15 पटवारी कार्यालय के सामने अटल चौक / अटल परिषर स्थापना कार्य । | 11.01 | 16.59 | 28800.00 | "A" & "B" | 1500.00 | 2 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् महासमुन्द

# खोजी पत्रकार बने मनोज बाजपेयी

**मुंबई।** गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 की शुरुआत हुई, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी भी नजर आए। अभिनेता ने अभिनय और फिल्म उद्योग के वर्तमान मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इसके अलावा,



उनकी आगामी फिल्म 'डिस्पैच' का प्रीमियर भी इस महोत्सव में हुआ। फिल्म के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने उन क्षेत्रों के बारे में बताया, जिन्हें वह बतौर अभिनेता तलाशना चाहते हैं। मनोज बाजपेयी ने कहा, "यह फिल्म एक पत्रकार की अंदरूनी और बाहरी दोनों दुनिया की खोज करती है। इन दोनों दुनियाओं में नेविगेट करने की कोशिश में, मेरे पैर कभी-कभी इधर-उधर हो जाते थे और इन सब में, मेरा घुटना घायल हो गया। यह अभी भी ठीक हो रहा है। बताते चलें कि फिल्म में मनोज बाजपेयी एक खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं, जो एक बड़े वित्तीय घोटाले को उजागर करने के लिए घंटों काम कर रहे हैं।

# जैकलीन
## मैं उनके लिए कुछ भी कर सकती हूं

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैकलीन फर्नांडीज बॉलीवुड में लंबे समय से अभिनय कर रही हैं। वह अपने ग्लैमरस रोल के लिए ज्यादा जानी जाती हैं। अगर उनके निजी जीवन की बात की जाए तो सुकेश चंद्रशेखर नाम के ठग के साथ उनका रिलेशनशिप काफी चर्चा में रहा। सुकेश अभी जेल में है। इस वजह से जैकलीन के करियर पर भी बुरा असर हुआ। उनके एक करीबी दोस्त और बॉलीवुड के एक नामी एक्टर ने पहले ही सुकेश के बारे में उन्हें अलर्ट किया था। इसी एक्टर के बारे में ही जैकलीन ने कहा था कि वह उनके लिए बहुत मायने रखते हैं और उनके लिए वह सबकुछ कर सकती है। जानिए कौन है वो बड़ा कलाकार जिसके लिए जैकलीन ने इतनी बड़ी बात कही।

जिस कलाकार को जैकलीन इतना मान सम्मान दे रही हैं उनके साथ वह कई फिल्मों में बतौर हीरोइन नजर आ चुकी हैं। इस एक्टर का नाम सलमान खान है। सलमान को लेकर एक इंटरव्यू में जैकलीन ने कहा था कि उनके लिए सलमान परिवार की तरह हैं। वह उनका बहुत सम्मान करती हैं। साथ ही जैकलीन ने यह भी कहा कि वह सलमान के लिए कुछ भी कर सकती हूं। जैकलीन फर्नांडीज ने सलमान खान के साथ 'किक' और 'रेस 3' जैसी फिल्में की हैं। इन दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। सुकेश चंद्रशेखर नाम का एक शख्स जो इस समय मनी लॉन्ड्रिंग के कारण जेल में है। उसके साथ जैकलीन का नाम जुड़ा था यह दोनों रिलेशनशिप में रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जैकलीन को सुकेश के बारे में सलमान खान ने पहले ही चेता दिया था।



## इला ने विद्या बालन की तारीफ की कहा- उनमें दिखती हैं मीना कुमारी

**मुंबई।** मुंबई लिटफेस्ट में महिलाओं का जश्न: शशि बलीगा मेमोरियल सत्र - माई मेडली नामक एक खास कार्यक्रम हुआ। इसमें विद्या बालन, इला अरुण और अंजुला बेदी शामिल हुए। इस सत्र में इला अरुण की आत्मकथा परदे के पीछे पर चर्चा की गई। सत्र के दौरान यह खुलासा हुआ कि किताब में विद्या बालन के लिए एक खास अध्याय लिखा गया है। इस



बात ने सबका ध्यान खींचा। किताब के इस हिस्से में इला अरुण ने विद्या की तारीफ की और उनकी पहली फिल्म "परिणीता" (2005) को लेकर अपने विचार साझा किए। इला अरुण ने लिखा, मैं कभी नहीं भूल सकती कि 'परिणीता' में विद्या को देखकर मैं कितनी प्रभावित हुई थी। वह बाकी अभिनेत्रियों से अलग थीं, जो मॉडल जैसी दिखती थीं। वह एक परिपक्व महिला थीं, जिनमें पुराने समय की अभिनेत्रियों की खूबसूरती और गरिमा थी। उन्होंने 1953 की फिल्म की मूल परिणीता, खूबसूरत मीना कुमारी की गरिमा को वापस लाया। वास्तव में, उन्होंने हिंदी सिनेमा के हर युग की नायिकाओं का प्रतिनिधित्व किया। उनके भावपूर्ण चेहरे ने बिना शब्दों के बहुत कुछ कह दिया। वह पूरी तरह से बंगाली लगती थीं। उनकी आंखें, उनके हाव-भाव, उनका शरीर भाषा, सब कुछ उनकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त था।

## सुभाष घई ने ओएमजी 2 के अमित राय के साथ ऐतराज-2 का किया खुलासा

**मुंबई।** अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा जोनस और करीना कपूर खान अभिनीत फिल्म ऐतराज़ की 20वीं वर्षगांठ पर निर्माता सुभाष घई ने रोमांचक खबर की पुष्टि की। ऐतराज़ 2 पर आधिकारिक



तौर पर काम चल रहा है, जो एक और गहन कहानी को बड़े पर्दे पर ला रहा है। एक विशेष बातचीत में सुभाष घई ने खुलासा किया कि नई फिल्म की स्क्रिप्ट ओह माय गॉड 2 के पीछे के दिमाग अमित राय के हाथों में है। सुभाष घई ने 2004 में अब्बास-मस्तान के निर्देशन में मूल ऐतराज़ का निर्माण किया था। उन्होंने अमित राय के साथ साझेदारी करके भाग 2 के लिए एक साहसिक नया कदम उठाया है। सुभाष घई ने कहा, मैंने ओह माई गॉड 2 के लेखक-निर्देशक अमित राय से एक शानदार स्क्रिप्ट सुनी है, जिसे अब ऐतराज़ 2 का रूप दिया गया है। हमारे पास पहले से ही इस परियोजना का समर्थन करने के इच्छुक स्टूडियो से कॉल की बाढ़ आ गई है। अमित ने एक और शक्तिशाली स्क्रिप्ट के साथ स्वर्ण पदक जीता है, और मुझे यह बेहद पसंद आई।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
**Raipur- 79871-19756**
**6263818152**

Email : response.haribhoomi@gmail.com

## हमारा आशियाना

### रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| **रेजिडेंशियल** | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| **कमर्शियल** | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| **प्लॉट** | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life

**संपर्क करें : 90181 81813**

### Appointment आवश्यकता

#### सेल्स/मैनेजर

**आवश्यकता है-** ग्रीव्स आटोमोबाइल थ्रीव्हीलर EV- टीम लीडर- 04, सेल्स एग्जीक्यूटिव- ( M/F), 20, सेल्स मैनेजर 01, जनरल मैनेजर 01, रिसेप्शनिस्ट (फीमेल) , 02, मैकेनिक 08। इंटरव्यू 27.11.2024, 11 से 4, **सेंट्रल कॉलेज के सामने फाफाडीह रायपुर 9109104223, 7047935994.**(RO-A)

#### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु लड़के /लड़कियां एवं सेल्समैन की वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें- राजेश होजियरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर-1 पंडरी रायपुर- 9407923601, 9826908201.**(RO-1011)

**आवश्यकता है-** पंडरी सूट, साड़ी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेंन, सेल्सगर्ल, लेडीज टेलर व इंस्टाग्राम मैनेज करने व फोटो शूट करने के लिए गुड लुकिंग फीमेल मॉडल की आवश्यकता है **9300636186, 8109205462.**(RO-A)

#### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** सर्जिकल आफिस में लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी, **संपर्क करे:-रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15/A,रायपुर 7089933233.** (RO-277)

#### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें- डागा पेट्रोल पम्प, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर , 8109135400.**(RO-287)

#### ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** गुमा स्थित अरवा मिल (कोढ़ा मिल) चलाने हेतु ऑपरेटर की आवस्यकता है। सैलरी 10,000 - 12,000/- महीना । **संपर्क: 7987970711.**(RO-23)

#### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर, तेलीबांधा के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 13000/- से 14000/- महीना 11 घंटे ड्यूटी इच्छुक **संपर्क करें- 9754160228.** (RO-1238)

**आवश्यकता है-** फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। **पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 7828656506.** (RO-1798)

#### सेल्स/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** वाशिंग पाउडर कंपनी शिव शक्ति एंटरप्राइज में सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें - 9691293785.** (आरो न.-1833)

#### टीचर

**आवश्यकता है-** लेडी रिसेप्शनिष्ट, इंचार्ज, कम्प्यूटर आपरेटर, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम- साइंस, एकाउंट, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, इंगलिश पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, की आवश्यकता। साक्षात्कार 27.11.2024 प्रातः 9:30 बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.**(RO-6961)

**आवश्यकता है-** झूलाघर में बच्चों को पढ़ने एवं देखने हेतु महिला शिक्षिका की आवश्यकता पता जैन डे बेबी केयर पुलिस पेट्रोल पंप के सामने **शांति किराया भंडार के ऊपर कालीबाड़ी रायपुर 98271 40065.** (RO-1648)

#### कुक/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला/पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले **संपर्क करें 9300593000.**(RO-1227)

#### प्यून

**आवश्यकता है-** अधिवक्ता ऑफिस में प्यून हेतु 12वीं पास लड़के/ लड़की चाहिए। वेतन 3000 से 5000 तक कार्य समय 10 से 7 बजे तक। सायकिल वाले को प्राथमिकता। **संपूर्ण बायोडाटा सहित मिलें:- प्रभांक ठाकुर अधिवक्ता गंगोत्री हॉस्पिटल के पास ओमपरिसर आर्यनगर दुर्ग मो.-9303107790.**(आरो न.-630)

#### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आव्यशकता है **संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330.**(RO-24)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000/- महीना योग्य उम्मीदवार को ज्यादा वेतन **संपर्क करें- वायर हाऊस जवाहर नगर एम. जी. रोड रायपुर** (RO-1236)

#### फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** फील्ड कार्य हेतु 8वीं/ 10वीं पास लड़कों की आवश्यकता है. स्वयं का वाहन (साइकिल आदि) आवश्यक। आकर्षक वेतन **संपर्क- सुमित एडवरटाइजर्स, शॉप नंबर- 88, शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स, नवभारत प्रेस के सामने, जी. ई. रोड, रायपुर. मोबाइल - 9826708989, 9826161116.**(RO-1624)

#### ऑपरेटर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** रायपुर रिश्ता लोहा बाजार में 1 एकाउंटेंट, 1 स्टोर कीपर, 1 ऑटोकेड ऑपरेटर, 2 सुपरवाइजर, 4 वेल्डर, 6 हेल्पर, 2 टर्नर, 1 कटर, 4 फिटर चाहिए **सम्पर्क करें- 9893070113.** (RO-30640)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

#### फील्ड/टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** फील्ड वर्क के लिये (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास फ्रेशर या अनुभवी एंव फिल्ड वर्क लेबर लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जायेगी। सैलरी पांच अंको में। **संपर्क:- यश.एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी प्रा.लि. कचना रायपुर मों.:- 9926791401.**(RO-6415)

#### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** 1.कम्प्यूटर ऑपरेटर- मेल (टैली डाटा एंट्री) (अनुभव एक साल) 2.काउंटर सेल्समैन- (मेल या फीमेल) 3. दुकान में कार्य करने हेतु लड़के चाहिए संपर्क करें- **राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड रायपुर मोबाइल- 9425504853.** (RO-1012)

#### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर जेल रोड में ऑफिस व फील्ड के सभी कार्य हेतु ऑफिस बॉय/ चपरासी की आवश्यकता है स्वयं का वाहन अनिवार्य 25 वर्ष तक के कम पढ़े लिखे आस-पास के लड़के **संपर्क करें। 8839812454.** (RO-1237)

#### सेल्समैन/हेल्पर्स

**आवश्यकता है-** पंडरी स्थित मेंस क्लॉथिंग शो-रूम में काम करने हेतु मेल/फिमेल सेल्समैन एंव हेल्पर्स की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 8805894256, 9755350020.**(RO-7364)

#### टेलीकॉलर/टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** सोलर कंपनी हेतु टेलीकॉलर, टेक्नीशियन, इंजीनियर (सोलर कंपनी के जानकार संपर्क करें) स्वयं का वाहन होना अनिवार्य वेतन योग्यताअनुसार,रहने की सुविधा **7544040795, 91 22285796.**(RO-1013)

#### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, **संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) Mob. 9589295885, 9993929100.**(RO-3110)

#### डिलीवरी कार्य

**आवश्यकता है-** ब्लू डार्ट कोरियर कंपनी को डिलीवरी कर हेतु 15 लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन 12000 + पेट्रोल एवं अन्य भत्ते, बाइक एवं मोबाइल फोन धारी 10वीं पास **संपर्क करें- ओम एंटरप्राइजेज, जब्बल टावर, सिविल लाइन, रायपुर 8770078441, 9826124088.** (RO-maa)

#### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** रायपुर ऑफिस में किताबों के बंडल बांधने हेतु 12वीं पास मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। **संपर्क समय- 11 से 1 बजे तक। नवबोध प्रकाशन, 7, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर, फोन 0771-4200932.**(RO-286)

#### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 **चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016.** (RO-3114)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000- 45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - **7903284986.**(RO-557)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-814)

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 62673 24667.(RO-1334)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** फ्री सेवा महाकाली उपासक गुरु बाबा एस के स्वामी (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार, वशीकरण लवमरीज ,ग्रह कलेश, पतिपत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा ,कारोबार 3 घंटे में घर बैठ गारंटीड समाधान पाये **8854858543.** (RO-A)

**ज्योतिष -** छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखाइया "बईगा" सब्बो समस्या के समाधान काली माई के शक्ति से पूजा पाठ लड़ाई- झंझट, जुन्ना बीमारी, बैरीले छुटकारा, बिहाव में देरी, लइका होय में देरी, पढ़ई में मन नई लागय ता एक बार अवश्य मिलव **मो. 8461886239.**(RO-6000)

**ज्योतिष -** हर समस्या का समाधान आपके घर किसी ने किया कराया, भूत प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृह कलेश, दवाई का ना लगना या और कोई भी बाधा हो तो खुली आँखो से दिखाऊंगा। दुःखिया एक बार फोन जरूर करें। **पता:- दुर्ग, भिलाई मो.- 7404178317.** (आरो न.-627)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871.** (RO-3106)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.**(RO-3068)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152**

### Property प्रापर्टी

#### प्लाट

**बेचना है -** नई राजधानी निमोरा में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स उपलब्ध! मंत्रालय से मात्र 5 किमी की दूरी पर शानदार लोकेशन में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स। विभिन्न साइज उपलब्ध- 10,000, 5,000, 2,500 वर्गफीट रेटः- केवल 431 रुपए प्रति वर्गफीट इस बेहतरीन अवसर को हाथ से न जाने दें! **संपर्क:- 9165586666, 9584444523.**(RO-3099)

**प्लॉट बेचना है -** दुर्ग गंजपारा के समीप नयापारा मुख्यमार्ग में प्राईमलोकेशन पर आवासीय प्लॉट व दुर्ग अंजोरा में अपोलो कॉलेज के समीप पूर्णविकसीत आवासीय प्लाट, नगपुरा से कोटनी मुख्यमार्ग में फॉर्महाउस उपयुक्त प्लाट बेचना है। अधिक जानकारी हेतु **संपर्क करें : 96172-85000, 96174-45000.**(आरो न.-628)

**बेचना है -** कुम्हारी में लोट्स फेस-5 में शानदार ऑफर! अब टी.एन.सी अप्रूव्ड प्लॉट्स पर 90% बैंक फाइनेंस के साथ 1100/- से घटकर केवल 851/- प्रति वर्गफीट पर उपलब्ध। ऑफर सिर्फ इस महीने के 30 तारीख तक है और प्लॉट्स सीमित हैं। ब्रोकर संपर्क न करें। केवल इन्वेस्टर्स संपर्क करें। **मोबाइलः - 9165586666, 9584444523.**(RO-3100)

**बेचना है -** 1000- 1000 वर्गफीट के 2 आवासीय डाइवर्टेड कॉर्नर प्लॉट, शिवम एजुकेशन के पास, सत्यम विहार कॉलोनी, रायपुरा, अर्जेंट बेचना है। 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। **संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523.**(RO-3098)

#### मकान

**मकान बेचना है-** पद्मनाभपुर, दुर्ग में नया मकान बेचना है, सेमी-फर्निश्ड, बेहतरीन गुणवत्ता, बाजार, परिवहन, स्टेशनों से बेहतरीन कनेक्टिविटी, मेन रोड के पास। **संपर्क करें- 9301411550.**(आरो न.-1830)

### For Rent किराया

**किराये से देना है-** मकान किराये से देना है 1 BHK सेकेण्ड फ्लोर में किराया 5000/- महीना पुरानी बस्ती थाना के पीछे नव दुर्गा चौक रायपुर **संपर्क करें:-** Mob. **9826416557.** (RO-3116)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग, हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

रोग जटिल एवं बड़ा है अतः धीरज एवं विश्वास रखे चिंता न करे क्योकि आप के रोग एवं समस्या का समाधान केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं इसमे रोग को स्थाई रूप से जड़-मूल से नाश किया जा सकता है ।अन्य उपाय से रोग दब जाते है जड़ से नहीं जाते ।
● सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग (शरीर में तांबे रंग के छिलके पपड़ीयुक्त दाग, सिर में रुसी का भ्रम नाखूनों का सड़ना, घुटने में दर्द इत्यादि।
● एच.आई.वी., एड्स (HIV,AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर जेन्टीलियस एवं हर्पिस सिम्पलेक्स) स्त्री पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन दर्द योनी मार्ग से बदबू सफेद पीला पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी. हो सकता है एवं हेपाटाइटिस सिफलिस गौनोरिया (मूत्र मार्ग से पस) जाते हो तो तुरंत खुन की जांच कराये यहां जांच की पूर्ण व्यवस्था है ।
● समस्त योन रोग एवं योन (सैक्स) कमजोरी नपुंसकता, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन पेशाब मार्ग से धातु जलन प्रोस्टेट विकार यूरेथ्रास्ट्रेक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
इस तरह हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग मे वर्षों से प्रगतिशील एवं अग्रसर हैं। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गये हो तो अवश्य ही मिलें।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223,
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303242200, 9303948500, 0788-4011332 समय शाम 3.30-7.30 बजे तक
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**क्या आ गई अक्ल?** खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर मामले में फिर पलटा कनाडा

# भारतीय नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ नहीं हैं कोई भी सबूत

भारत के तेवर के बाद झुका कनाडा कबूला सच

एजेंसी ▶▶ ओटावा/नई दिल्ली

जून 2023 में खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि, अभी तक इस बात से पर्दा नहीं उठ पाया है कि ये हत्या किसने की? जिस तरह से कनाडा सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था, उसके बाद भारत ने कनाडा को उसकी जगह दिखाना शुरू कर दिया था। भारत ने एक के बाद एक कनाडा के झूठ का पर्दाफाश शुरू कर दिया और वैश्विक मंच पर कनाडा की परतें खोलनी शुरू कर दीं। आखिरकार, कनाडा सरकार ने इस बात को स्वीकार किया है कि कनाडा के भीतर पीएम मोदी, डोभाल और जयशंकर का इन आपराधिक मामलों से कोई लेना-देना नहीं है।

1 कनाडा सरकार का एक और यूटर्न, अब एयरपोर्ट पर नहीं होगी भारतीयों की कड़ी सुरक्षा

2 भारत ने कई बार निज्जर के प्रत्यर्पण की मांग की थी, लेकिन कनाडा ने न सिर्फ उसे शरण दी, बल्कि नागरिकता भी दी



फाइल फोटो

### ये तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाएगा

भारत ने इस रिपोर्ट का कड़ा विरोध जताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस तरह के आरोप हास्यास्पद हैं। इस तरह का बदनाम करने वाला अभियान हमारे पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाता है।

### सिक्योरिटी लाइनों में ज्यादा समय न लगाएं

कनाडाई हवाई परिवहन सुरक्षा प्राधिकरण, जो कनाडाई एयर पोर्ट के प्रतिबंधित क्षेत्रों में यात्रियों और सामान की जांच की देखरेख करता है, उसने सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने को कहा।

### भारत ने 6 राजनयिकों को देश से निकाला था

सितंबर 2023 में भारत-कनाडा संबंधों में तब तनाव आया था जब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडाई संसद में कहा था कि अलगाववादी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ होने के सबूत हैं। भारत ने हालांकि, इन दावों को खारिज कर दिया था।



### कम से कम चार घंटे पहले एयर पोर्ट पर पहुंचें

भारत और कनाडा के बीच चल रहे तनाव के बीच कनाडा सरकार ने भारत आने वाले यात्रियों के लिए एक्स्ट्रा सिक्योरिटी चेक की घोषणा की थी। जिसके कुछ दिनों बाद अब कनाडा ने अपना आदेश वापस ले लिया है। सोमवार को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बारे में घोषणा करने के बाद अब कनाडा सरकार ने शुक्रवार को इसे वापस ले लिया है। सोमवार को कनाडा की परिवहन मंत्री अनीता आनंद ने अस्थायी प्रोटोकॉल की घोषणा की थी।

# गुयाना में भारतीय संस्कृति और मूल्यों के राष्ट्रदूत हैं प्रवासी भारतीयः प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

तीन देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव गुयाना की राजधानी जॉर्जटाउन में शुक्रवार तड़के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसमें उन्होंने भारतीयों को राष्ट्रदूत की संज्ञा देते हुए कहा कि वे भारतीय संस्कृति और मूल्यों के राजदूत हैं। साथ ही उन्हें दोहरा सौभाग्य प्राप्त है। क्योंकि गुयाना उनकी कर्मभूमि तो भारत माता पैतृक भूमि है। आज भारत में अवसरों की भरमार है तो उनमें से प्रत्येक दोनों देशों को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री के संबोधन की शुरुआत के साथ ही बड़ी तादाद में समारोह स्थल में मौजूद हाथों में तिरंगा थामे प्रवासी भारतीयों ने जोरदार अंदाज में वंदे मातरम, जय श्रीराम के नारों के साथ पीएम का स्वागत किया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने भी उन्हें सलाम के साथ धन्यवाद कहा। कार्यक्रम में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. अली, प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स, उप राष्ट्रपति भरत जगदेव, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड रामोतार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।



### खास बातें

■ शुक्रवार तड़के गुयाना के जॉर्जटाउन में बड़ी तादाद में मौजूद प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### भारतीयों के मन में रचता-बसता भारत

प्रधानमंत्री ने दो दशक पहले एक सामान्य यात्री के रूप में की गई गुयाना की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि अब वे भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कई नदियों की भूमि पर पुनः आए हैं। उस वक्त से लेकर आज तक कई बदलाव आ चुके हैं। लेकिन गुयाना के लोगों का प्यार और स्नेह वैसा ही बना हुआ है। उन्होंने कहा, आप एक भारतीय को बाहर ले जा सकते हैं। लेकिन भारत को उनके अंतर्मन से बाहर नहीं निकाल सकते हैं। मेरी इस गुयाना यात्रा ने इस अनुभव की पुष्टि की है।

### क्रिकेट को बताया जीवन शैली

उन्होंने कहा कि क्रिकेट ने हमारे देशों को मजबूती से बांधा है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है। बल्कि एक जीवन शैली है। जो हमारी राष्ट्रीय पहचान में गहराई से समाहित है। गुयाना में प्रोविडेंस नेशनल क्रिकेट स्टेडियम हमारी मित्रता का प्रतीक है। कन्हाई, कालीचरण और चंद्रपाल सभी भारत के जाने-माने नाम हैं। क्लाइव लायड और उनकी टीम कई पीढ़ियों की पसंदीदा रही है। गुयाना के युवा खिलाड़ियों का भारत में एक बड़ा प्रशंसक वर्ग है।

### दोनों का साझा इतिहास और भविष्य

उन्होंने कहा कि भारत और गुयाना का साझा इतिहास और साझा भविष्य रहा है। जिसे हम बनाना चाहते हैं। विकास, प्रगति की आकांक्षाओं, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के प्रति प्रतिबद्धता, न्यायपूर्ण व समावेशी विश्व व्यवस्था में विश्वास पर पीएम मोदी ने जोर दिया। साथ ही बीते एक दशक में विकास में स्थिरता और उसके लिए उठाए गए कदमों का विस्तार से जिक्र किया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में हुई 26वीं गिरफ्तारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में अकोला जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हमलावरों ने सिद्दीकी को बांद्रा ईस्ट के निर्मल नगर इलाके में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास गोली मार दी थी। कुछ समय बाद पास के एक अस्पताल में सिद्दीकी की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि जांच के संबंध में नागपुर गई अपराध शाखा की टीम ने अकोला के अकोट तहसील के पनाज निवासी सुमित दिनकर वाघ को गिरफ्तार किया।

SAI
## भर्ती प्रकोष्ठ

मुख्य कार्यालय, गेट - 10
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
फाइल संख्याः 01-04001 (02)/3/2024-एचओ-कार्मिक प्रभाग
दिनांक :- 18.11.2024

**भारतीय खेल प्राधिकरण अनुबंध के आधार पर कनिष्ठ सलाहकार (वास्तुकार और योजना) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है**

युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), अधिकतम 4 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर **कनिष्ठ सलाहकार (वास्तुकार और योजना)** के एक पद पर नियुक्ति के लिए पात्र, योग्य और प्रेरित भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। पद का विवरण और अन्य विवरण SAI की वेबसाइट यानी http://sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन करने का कार्यक्रम नीचे दिया गया हैः-

(i) ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तिथि - 20.11.2024 (सुबह 10:00 बजे)
(ii) ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 05.12.2024 (शाम 05:00 बजे)

उप निदेशक भर्ती प्रकोष्ठ
भाखेप्रा मुख्य कार्यालय
CBC- 47103/12/0013/2425

## नड्डा ने खड़गे को लिखा पत्र, मणिपुर पर कांग्रेस कर रही राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को पत्र लिख मणिपुर के मामले पर कांग्रेस द्वारा राजनीति करने का आरोप लगाया है। नड्डा ने पत्र में लिखा है कि कांग्रेस नेताओं का मणिपुर पर स्टैंड विदेशी और विभाजनकारी शक्तियों के गठजोड़ को मजबूती देता है। देश को कमजोर करने वाली शक्तियों के प्रयास को हम सफल नहीं होने देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा था, माना जा रहा है कि नड्डा का पत्र इसी की प्रतिक्रिया है। नड्डा ने अपने पत्र में आरोप लगाया है, 'कांग्रेस के नेताओं द्वारा लगातार मणिपुर के मुद्दे को सेंसेशनलाइज़ करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस शासनकाल में विदेशी आतंकियों को भारत आने की खुली छूट थी। पी चिदंबरम के गृहमंत्री काल में आतंकियों के साथ समझौता हुआ था, जिससे वो और घोषित आतंकवादी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना देश छोड़ सकते थे।

### यह लगाया आरोप

पत्र में नड्डा ने लिखा, इस साल की शुरुआत में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर में हिंसा के मुद्दे को संबोधित कर रहे थे, तब आप और आपकी पार्टी ने जिस अपमानजक और गैर-जिम्मेदाराना तरीके वॉकआउट किया था, उसे प्रत्यक्ष रूप से देखने के बाद इस मुद्दे पर राष्ट्रपति को संबोधित आपका पत्र देखना मेरे लिए हैरान करने वाला है। कांग्रेस के नेताओं की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अनगिनत अपमानजनक टिप्पणियां की गई हैं। ऐसा लगता है कि आप आपकी पार्टी और कांग्रेस सरकार दोनों ने 90 के दशक में और यूपीए सरकार के समय किए गए गलत फैसलों को भूल रही है। मैं आपकी पार्टी को याद दिलाना चाहता हूं कि कांग्रेस की इस बड़ी नाकामी के परिणाम आज मणिपुर में महसूस किए जा रहे हैं।

## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018
फोन - 0771-2990592, Email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6/ जनरल/ झालम/365-1/24-25/ 5331 रायपुर, दिनांक 21.11.2024

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्य क्रमांक 01 से 03 तक "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर तथा कार्य क्रमांक 04 हेतु "प्रपत्र एफ" मे लम सम कॉन्ट्रेक्ट पर निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 16.12.2024, फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 20.12.2024

| क्रं | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | गोकुल ग्राम झालम जिला बेमेतरा में मुख्य द्वार से अनुत्पादक खंड एवं मुख्य सड़क तक 735 मीटर लंबी एवं 10 मीटर चौड़ी कांक्रीट सड़क निर्माण। | 67.55 | लो.नि.वि. सड़क, ब्रिज, भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |
| 2 | गोकुल ग्राम झालम जिला बेमेतरा में पुल निर्माण। | 44.99 | |
| 3 | गोकुल ग्राम झालम जिला बेमेतरा में चैनलिंक फेंसिंग कार्य। | 34.18 | |
| 4 | गोकुल ग्राम झालम जिला बेमेतरा में आर.सी.सी. ओवर हेड टैंक 50 के.एल। | 16.80 | लम सम कॉन्ट्रेक्ट |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखे जा सकते है।

प्रबंध संचालक
S-42180/2

## वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन कार्यालय - बालोद वनमंडल बालोद

-: नीलाम की संक्षिप्त सूचना :-

सर्व साधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि बालोद वनमण्डल के शासकीय काष्ठागार एवं विभिन्न डिपो में संग्रहित ईमारती, जलाऊ काष्ठ एवं बांस का निम्नांकित वर्णन के अनुसार दिनांक 13/12/2024 को नीलाम द्वारा निर्वतन किया जावेगा। इच्छुक क्रेता नीलाम में भाग ले सकते है। नीलाम की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिक हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व वनोपज का निरीक्षण करने के पश्चात ही बोली लगावे।

**नीलाम तिथि - 13/12/2024, स्थान - बालोद काष्ठागार डिपो, समय - प्रातः 09:00 बजे**

| क्र. | प्रजाति | नयी काष्ठ | | | गत् अविक्रित काष्ठ | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी | (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी | (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 3.357 | 67 | 0 | 87.815 | 249 | 484 | 91.172 | 316 | 484 |
| 2 | बीजा | 0.000 | 0 | 0 | 24.608 | 0 | 0 | 24.608 | 0 | 0 |
| 3 | साजा | 0.000 | 0 | 0 | 1.025 | 0 | 0 | 1.025 | 0 | 0 |
| 4 | हल्दू | 2.539 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 2.539 | 0 | 0 |
| 5 | कसही | 0.000 | 0 | 0 | 3.585 | 0 | 0 | 3.585 | 0 | 0 |
| 6 | कर्रा | 0.000 | 5 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 5 | 0 |
| 7 | अन्य | 1.840 | 1 | 0 | 0.122 | 0 | 0 | 1.962 | 1 | 0 |
| | **योग** | **7.736** | **73** | **0** | **117.155** | **249** | **484** | **124.891** | **322** | **484** |
| 8 | जलाऊ चट्टा | 38 चट्टा | | | 3.5 चट्टा | | | 41.5 चट्टा | | |
| 9 | व्यापारिक बांस | - | | | 26925 नग = 60.678 नो. टन. | | | 26925 नग = 60.678 नो. टन. | | |

टीप :- 1. किसी भी व्यक्ति को नीलाम में किसी भी लाट के लिये बोली लगाने की अनुमति तब तक नही दी जावेगी जब तक की उसने शर्तो का पालन करने के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर हस्ताक्षर न कर दिये हो। 2. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है उसके 10 प्रतिशत के बराबर या 1000 /- इसमें जो भी अधिक हो जमा करना अनिवार्य है। 3. नियमानुसार समस्त क्रेताओं को नीलाम में विक्रय मूल्य के विरूद्ध 25 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। यदि किसी क्रेता द्वारा किसी कारणवश विक्रय मूल्य की 10 प्रतिशत राशि ई.एम.डी. के रूप में जमा की जाती है तो उसे 07 दिवस के भीतर शेष 15 प्रतिशत राशि जमा करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वनमंडलाधिकारी, स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र प्रस्तुत नही करने पर जमा 10 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि शासन के पक्ष में राजसात कर लाट निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्रेता की होगी। 4.ई.एम.डी. में राष्ट्रीयकृत बैंको के मल्टीसिटी चेक ऐसे समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक जो कि संबंधित वनमंलाधिकारी के मुख्यालय पर स्थित हो, से संबंधित वनमंडलाधिकारी के नाम से जारी होगा, स्वीकार किया जावेगा। 5. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व विनिर्माता /उपभोक्ता /व्यापारी का पंजीयन प्रमाण पत्र (वर्ष 2024) एवं जी.एस.टी. एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा, ततपश्चात ही बोली में भाग लेने दिया जावेगा, 6. जी.एस.टी./आयकर राशि का भुगतान पृथक से संबंधित "वनमंडल अधिकारी" के नाम से बैंक ड्राफ्ट /चेक जो बालोद में देय हो तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

वनमंडलाधिकारी
बालोद वन मंडल बालोद (छ.ग.)
G-242503975/4

## रेलवे की शाही सवारी 5 रात 6 दिन... किराया 4 लाख 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय रेलवे और आईआरसीटीसी की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एकबार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली ये शाही सवारी इस बार 14 दिसंबर को रवाना हो रही है। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए 1 केबिन है। 40 केबिन वाले इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं। गोल्डन चैरियट यानी स्वर्ण रथ। यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन का नाम, दाम और काम सभी आलीशान रखा गया है। केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं।

## 26 नवंबर को भूख हड़ताल पर बैठेंगे किसान नेता डल्लेवाल

**नई दिल्ली।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। किसानों के एक संगठन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि किसान बाद में शंभू सीमा से राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च भी निकालेंगे। पंढेर ने कहा, "डल्लेवाल अपनी मांगों को लेकर 26 नवंबर को खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

## RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION, ZONE -07
MANGLAM COMPLEX, AGRASEN CHOWK RAIPUR(C.G.)

Ref37/RMC/NNR/Zone07/2024 Raipur, Date 20/11/2024

**EXPRESSION OF INTEREST**
**Notice Inviting Tender (NIT)**

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders form eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq.feet box Cricket Stadium I Front of International Swimming pull of Sahid Manmohan Singh Bakshi Ward 23 under the annual License fees model for 5 Years. The project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The tender fee is Rs.5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from the Twon Planing Branch, Room No 07, Raipur municipal corporation Zone No 07 The last date for Submission is 16-12-2024 for more information, Visit our Website rmczone7.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Zone Commissioner
Zone No.07
Raipur Municipal Corporation

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com

**Notice Inviting Tender**

NIT No.: 9365/R-25/PRJ/NRANVP/2024 Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 14/11/2024.

Tenders are invited 'Selection of Agency for Organizing Adventure Sports Activities in Nava Raipur Atal Nagar on License Basis, details of the project are as below.

| S. No. | Particulars of Project | Location | EMD (INR) |
|---|---|---|---|
| 1 | Selection of Agency for Organizing Adventure Sports Activities in Nava Raipur Atal Nagar | Sector 37, Nava Raipur Atal Nagar | 20,000.00 |

Tenderers shall download tender from website and Tender processing fee is INR. 5,900.00 Only (Including GST).
* Last Date for submission of Tender - up to 03:00 PM on 01st December 2024
* Opening of Technical Bid after 03.30 PM on 01st December 2024
The details of tender and terms & conditions are available on the NRANVP website www.navaraipuratalnagar.com
Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the www.navaraipuratalnagar.com website and shall not be published in any newspaper.
Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.

(Approved by CEO)
Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar
S-42188/1

## कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन) महासमुन्द जिला महासमुन्द (छ.ग.)

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक 164 क/कले./ भू-अर्जन / बावनकेरा / 2024 महासमुन्द दिनांक 28/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय-नीति 2016 के अन्तर्गत बावनकेरा से खम्हारमुड़ा मार्ग लं. 1.45 कि.मी. निर्माण कार्य में ग्राम बावनकेरा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. झलप तहसील व जिला महासमुन्द की भूमि कार्यपालन अभियन्ता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग महासमुन्द द्वारा प्रस्तावित ग्राम बावनकेरा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. झलप तहसील व जिला महासमुन्द स्थित निम्नांकित भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियन्ता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग महासमुन्द को प्रदाय किये जाने का विचार किया जा रहा है :-

| स. क्र. | भू-धारक / खातेदार की मृत्यु होने पर विधिक वारिसान का नाम | प्रस्तावित ख.नं. | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का रकबा (हे. में) | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संतोष यादव पिता लाल जी | 465 | 0.43 | 0.0476 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |
| 2 | शबाना तब्बसुम पति जावेद परवेज, नसरीन खान पति आशिफ खान, रोसनास खान पति रसिद इकबाल | 463<br>2007<br>योग 2 | 0.50<br>1.22<br>1.72 | 0.0784<br>0.0980<br>0.1764 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |
| 3 | मायादेवी पति सुरेश कुमार | 2008 | 0.17 | 0.0168 | स्वच्छ धारणाधिकार की सिंचित कृषि भूमि |
| 4 | परमजीत कौर पति रविन्द्र सिंह | 446<br>447<br>योग 2 | 0.14<br>0.10<br>0.24 | 0.0526<br>0.0090<br>0.0616 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |
| 5 | रंजना पति राजेन्द्र कुमार, नाबा. पल्लवी, ईसवी पिता राजेन्द्र कुमार वली मां रंजना, राजकमल पिता छबिराम | 445 | 0.21 | 0.0096 | स्वच्छ धारणाधिकार की असिंचित कृषि भूमि |

बावनकेरा प.ह.नं. 20 नीजि भूमि कुल कृषक संख्या 05 कुल ख.नं. 07 कुल रकबा 2.770 हे. में से अर्जित रकबा 0.3120 हे. असिंचित / सिंचित कृषि भूमि

तद्संबंध में यदि किसी व्यक्ति या सज्जन को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से अधिसूचना जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के समक्ष उपस्थित होकर लिखित दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि दिनांक 12/11/2024 के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 28/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कलेक्टर/भू-अर्जन अधिकारी
जिला-महासमुंद (छ.ग.)
G-242503985/1

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बालोद
ग्राम एवं पोस्ट-दुधली, जिला - बालोद - 491226 (छ.ग.)
Website : www.polybalod.ac.in ईमेलः govtpolybalod@gmail.com,
फोन नं. 07749299565

क्रं./976/स्था./2024 बालोद, दिनांक 22.11.2024

**// विज्ञप्ति //**
**Walk-in-Interview for Part Time Lecturers- Electrical Engg.**

शासकीय पॉलीटेक्निक, बालोद में निम्न विभाग / विषय में पूर्णतः अस्थाई रूप से अंशकालीन आधार पर व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारो को अपने बायोडाटा, मूल दस्तावेजों एवं 01 सेट छायाप्रतियों के साथ वाक-इन-इन्टरव्यू के लिए संस्था में आमंत्रित किया जाता है।

| स.क्र. | विषय | रिक्तियां | न्युनतम शैक्षणिक अर्हतायें | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत इजीनियरिंग | 02 | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में बी.ई / बी.टेक की उपाधि। | 26.11.2024 समय प्रातः 11.00 बजे |

अंशकालीन व्याख्याताओं को पारिश्रमिक प्रति पिरियड 800 रू./ घन्टा के दर से अधिकतम रू. 56100 प्रतिमाह देय होगा। चयन उपरान्त तत्काल कार्यभार ग्रहण करना होगा।

नियुक्ति हेतु सेवा शर्ते अर्हताएं मापदण्ड एवं निर्धारित प्रपत्र संस्था की वेबसाइट www.polybalod.ac.in से डाउनलोड कर आवेदन कर सकते है।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक, बालोद
G- 242504018/2

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला - दक्षिण बस्तर दन्तेवाडा (छ.ग.)

क्र. 3829 / लेखा / NHM /मु.चि.अ/निविदा/2024-25
दन्तेवाडा, दिनांक 22-11-2024

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति दक्षिण बस्तर दन्तेवाडा हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई / जिला नोडल अधिकारी एंव चिरायु टीम हेतु वाहन किराया की व्यवस्था हेतु व्दितीय बार निविदा सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाडा हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई/जिला नोडल अधिकारी एंव चिरायु टीम हेतु वाहन किराया की व्यवस्था हेतु द्वितीय बार निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर समय 10.30 से 05.30 तक रूपये 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का डी.डी. जो कि नॉन रिफेन्डेबल है जमा कर प्राप्त किए जा सकते है। डी.डी. जिला स्वास्थ्य समिति जिला-दंतेवाडा के नाम में ही स्वीकार किए जावेंगे। निविदा संबधित विस्तृत जानकारी जिला की वेब साईट www.dantewada.gov.in एंव कार्यालयीन समय मे कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

निविदा प्रपत्र बिक्री की प्रारंभिक तिथि :- 26/11/2024 से
निविदा बिक्री की अंतिम तिथि :- 06/12/2024
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 16/12/2024 को दोपहर 01.00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि :- 17/12/2024 को अपराहन 04.00 बजे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.)
S-42186/1

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 17,18,19,20,21,22,23/वलेलि/2024-25
जगदलपुर, दिनांक 21/11/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि (रुपये) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 161339 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के कान्दानार स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 289.37 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 161340 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के राजामुण्डा स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 291.43 | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 161341 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के पेदापारा (मण्डवा) स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 292.95 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 04 | 161342 | बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल के बड़े आरापुर स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 289.67 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 05 | 161344 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के चितापुर स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 290.43 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 06 | 161345 | बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल के बारूपाटा व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य में वियर का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 269.22 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 07 | 161346 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के कोयनार स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 290.63 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 28.11.2024 17:31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 12.12.2024 17:30 Hours

**रिमार्कः** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 28.11.2024 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.
G-242503978/2

## खबर संक्षेप

### होंडा ने इंजन की खामी दूर करने सीआरएफ 1100 वापस मंगाई



**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह थ्रॉटल ऑपरेशन (इंजन) से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए सीआरएफ 1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयों को वापस मंगा रही है। बयान में कहा कि स्वैच्छिक वापसी वैश्विक बाजार की कार्रवाई के अनुरूप है।

### सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष नियमों में किया संशोधन



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष नियमों में संशोधन किया है। इसमें निवेशकों को किसी योजना में उनके योगदान के अनुपात में निवेश और आय के वितरण का अधिकार देने का निर्देश दिया गया है। एआईएफ योजना के तहत निवेश से जोखिम और पुरस्कार को योजना में निवेशकों के योगदान के अनुपात में साझा किया जाने की जरूरत होगी।

### जापान ने वेतन बढ़ाने दिया आर्थिक पैकेज



**टोक्यो।** जापान ने शुक्रवार को 39,000 अरब येन (250 अरब डॉलर) के आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। इसके तहत व्यक्तिगत आय को बढ़ावा देने के लिए कई पहल शुरू की जाएंगी। जापान मंत्रिमंडल द्वारा पारित व्यापक योजना प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के प्रशासन के लिए बेहद अहम है।

# चांदी में निवेशकों की रूचि बढ़ी, सिल्वर ईटीएफ हुआ चार गुना

एजेंसी ⏭ कोलकाता

सिल्वर ईटीएफ एक लोकप्रिय निवेश विकल्प के रूप में उभरा है, जिसकी प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) में पिछले एक साल में उल्लेखनीय चार गुना वृद्धि देखी गई है। यह अक्टूबर 2024 में 12,331 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो पिछले साल अक्टूबर में 2,844.76 करोड़ रुपये थी।

- परिसंपत्तियां अक्टूबर 2024 में 12331 करोड़ तक पहुंची

इक्रा एनालिटिक्स ने कहा कि यह उछाल घरेलू मुद्रास्फीति के दबावों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच चांदी में निवेशकों की रूचि बढ़ी है। इक्रा एनालिटिक्स के अनुसार, 2022 में पेश किए गए सिल्वर ईटीएफ ने अपनी सुलभता और पारदर्शिता से खुदरा निवेशकों के बीच लोकप्रियता हासिल की है।

## निवेश विकल्प के रूप में तेजी से उभरा सिल्वर ईटीएफ

### बाजार में सिल्वर ईटीएफ की संख्या बढ़कर हुई 12

अक्टूबर 2024 में सिल्वर ईटीएफ के तहत कुल 'फोलियो' की संख्या 215 प्रतिशत बढ़कर 4.47 लाख हो गई, जबकि एक साल पहले यह 1.42 लाख थी। इसी अवधि में शुद्ध प्रवाह सालाना आधार 24 प्रतिशत बढ़कर 643.10 करोड़ रुपये हो गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख (बाजार डेटा) अश्विनी कुमार ने बताया कि बाजार में सिल्वर ईटीएफ की संख्या अप्रैल 2023 में आठ से बढ़कर अगस्त 2024 में 12 हो गई।



*सोने के ईटीएफ से बेहतर मुनाफा :* सिल्वर ईटीएफ का निवेश प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा है। एक महीने, तीन महीने, छह महीने और एक साल की अवधि में औसत मुनाफा क्रमशः 7.57 प्रतिशत, 16.02 प्रतिशत, 20.25 प्रतिशत और 32.49 प्रतिशत रहा, जो समान अवधि में सोने के ईटीएफ से हुए मुनाफे से बेहतर रहा।

*मांग मजबूत बने रहने की संभावना :* कुमार ने कहा कि मुद्रास्फीति के निरंतर दबाव और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण सिल्वर ईटीएफ की मांग मजबूत बनी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, "खंड विविधीकरण में उनकी भूमिका बढ़ने के साथ आने वाले महीनों में और अधिक सिल्वर ईटीएफ पेश किए जा सकते हैं।"

### खरीद पर जीएसटी से जुड़ी लागत कम होती है

कुमार ने कहा, "सिल्वर ईटीएफ को भौतिक रूप से खरीदी जाने वाली चांदी की तुलना में अधिक पसंद किया जाता है, क्योंकि इन्हें आसानी से 'स्टोर' किया जा सकता है। ....खरीद पर जीएसटी से जुड़ी लागत कम होती है। वे अधिक कुशल और नगदी निवेश विकल्प प्रदान करते हैं, क्योंकि वे शेयर बाजार पर सूचीबद्ध होते हैं, जिससे निवेशक यूनिट का निर्बाध रूप से व्यापार कर सकते हैं।"

## उद्देश्य, भारत के संचार तंत्र और सेवाओं को मजबूत करना

# साइबर सुरक्षा नियम अधिसूचित, सुरक्षा चूक की जानकारी देने की समयसीमा तय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियमों को अधिसूचित किया है। इसका मकसद दूरसंचार कंपनियों के लिए सुरक्षा चूक संबंधी घटनाओं की जानकारी देने और खुलासा करने के लिए समयसीमा तय करना सहित कई उपायों के जरिये भारत के संचार तंत्र और सेवाओं को मजबूत करना है।

नियम केंद्र सरकार/उसकी अधिकृत एजेंसी को साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से किसी दूरसंचार इकाई से शुल्क डेटा और कोई अन्य डेटा (संदेशों के विषय के अलावा) मांगने का अधिकार देते हैं। दूरसंचार संस्थाओं को दूरसंचार साइबर सुरक्षा नीति भी अपनानी होगी, जिसमें सुरक्षा उपाय, जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण, कार्रवाई, प्रशिक्षण, तंत्र परीक्षण और जोखिम मूल्यांकन शामिल होंगे।

- शुल्क डेटा और कोई अन्य डेटा मांगने का अधिकार
- दूरसंचार संस्थाओं को दूरसंचार साइबर सुरक्षा नीति भी अपनानी होगी
- डेटा को कड़ी गोपनीयता के साथ संग्रहीत और बनाए रखना होगा



### कोई भी व्यक्ति संचार उपकरण का दुरुपयोग न करे

नियमों में दूरसंचार साइबर सुरक्षा दायित्वों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया कि नियमों के तहत "कोई भी व्यक्ति दूरसंचार उपकरण या दूरसंचार पहचानकर्ता या दूरसंचार तंत्र या दूरसंचार सेवाओं का दुरुपयोग कर और धोखाधड़ी भरा या सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाला या ऐसा इरादा रखने वाला... किसी अन्य कानून के प्रावधानों के विरुद्ध कोई संदेश भेज दूरसंचार साइबर सुरक्षा को खतरे में न डाले।"

*निर्दिष्ट बिंदुओं पर ही हो डेटा संग्रहण:* किसी दूरसंचार इकाई को निर्दिष्ट बिंदुओं से ऐसे डेटा के संग्रह और प्रावधान के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे तथा उपकरण स्थापित करने का निर्देश दे सकती है, ताकि इसके प्रसंस्करण और भंडारण को मजबूत किया जा सके।

*डेटा को कड़ी गोपनीयता के साथ संग्रहीत करना होगा :* इसमें कहा गया कि सरकार तथा इसके द्वारा इन नियमों के तहत डेटा एकत्र करने के लिए अधिकृत कोई भी एजेंसी, साथ ही जिन व्यक्तियों के साथ ऐसा डेटा साझा किया जाता है वे यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय करेंगे कि ऐसे डेटा को कड़ी गोपनीयता के साथ संग्रहीत और बनाए रखा जाए तथा इन तक किसी भी अनधिकृत पहुंच को रोका जाए।

### सरकार निर्दिष्ट प्रारूप भी मांग सकती है

नए दूरसंचार अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, केंद्र सरकार/उसकी अधिकृत कोई भी एजेंसी दूरसंचार साइबर सुरक्षा की रक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से किसी दूरसंचार इकाई से संदेशों के विषय के अलावा, शुल्क डेटा और कोई अन्य डेटा केंद्र सरकार द्वारा मंच पर निर्दिष्ट प्रारूप में मांग सकती है।

### दूरसंचार इकाई को निर्दिष्ट उपाय लागू करना जरूरी

नियमों के अनुसार प्रत्येक दूरसंचार इकाई को साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्दिष्ट उपायों को लागू करना आवश्यक होगा, जिसमें दूरसंचार साइबर सुरक्षा नीति (सुरक्षा उपाय, जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण, कार्रवाई, प्रशिक्षण, सर्वोत्तम प्रक्रिया तथा प्रौद्योगिकियां, दूरसंचार साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए को अपनाना शामिल है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को बीमा कारोबार की मिली अनुमति

एजेंसी ⏭ मुंबई

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को जनरली समूह के साथ संयुक्त उद्यम के जरिये बीमा कारोबार में प्रवेश करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिल गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 21 नवंबर 2024 के पत्र के जरिये मंजूरी दे दी है। कंपनी सूचना के अनुसार, "...भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 21 नवंबर 2024 के अपने पत्र के जरिये एफजीआईआईसीएल और एफजीआईएलआईसीएल के तहत जनरली समूह के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से बीमा कारोबार में बैंक के प्रवेश को मंजूरी दे दी है। इसके द्वारा निर्धारित शर्तों के निरंतर अनुपालन और बीमा नियामक इरडा के अनुमोदन के अधीन है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अक्टूबर में फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईआईसीएल) और फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईएलआईसीएल) में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी थी। एफजीआईआईसीएल अन्य बीमा के अलावा व्यक्तिगत बीमा, वाणिज्यिक बीमा, सामाजिक और ग्रामीण बीमा प्रदान करता है। एफजीआईएलआईसीएल बचत बीमा, निवेश योजना (यूएलआईपी), टर्म बीमा योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, बाल योजना, सेवानिवृत्ति योजना, ग्रामीण बीमा योजना और समूह बीमा योजना प्रदान करता है।

- आरबीआई ने परिपत्र जारी कर बैंक को दी अनुमति
- बैंक ने इस आशय की सूचना शेयर बाजार को दी

### बैंक फ्यूचर का सफल बोलीदाता के रूप में उभरा

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अगस्त की शुरुआत में घोषणा की कि वह जीवन तथा साधारण बीमा उद्यम में कर्ज में डूबी फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एफईएल) की हिस्सेदारी अधिग्रहण के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है।

# फिक्स्ड डिपॉजिट तोड़ने पर बैंकों की पेनाल्टी अलग-अलग

- एसबीआई प्री-मैच्योर राशि निकालने पर 0 .50 प्रतिशत तक का पेनल्टी काटता है
- पेनाल्टी चार्ज बैंक मैच्योरिटी की तारीख के आधार पर तय करता है


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुछ जरूरी कारणों से या फिर अचानक आई इमरजेंसी के दौरान जमाकर्ता को अपना फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) समय से पहले निकालना पड़ जाता है। इसके लिए कस्टमर या जमाकर्ता को बैंक से प्री-मैच्योर एफडी निकालने की अनुमति तो है लेकिन इसके लिए एक राशि पेनल्टी के तौर पर बैंक चार्ज करती और जमा की गई धनराशि से काट ली जाती है।

प्री-मैच्योर एफडी को निकालने पर कितना पेनल्टी चार्ज कटेगा ये उसके मैच्योरिटी की तारीख के आधार पर बैंक तय करता है। यह पेनल्टी या चार्ज फाइनल ब्याज पेमेंट या फिर रिफंड अमाउंट (वापस की जा रही धनराशि) पर लगाई जाती है। एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पीएनबी, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक में प्री-मैच्योर एफडी निकालने पर अलग-अलग चार्ज लगता है।

### एसबीआई बैंक वसूलती है पेनल्टी

एसबीआई की वेबसाइट के आधार पर अगर आपने पॉच लाख तक का टर्म डिपॉजिट किया है तो प्री-मैच्योर राशि निकालने पर इस पर 0.50 प्रतिशत तक का पेनल्टी लगेगा। अगर टर्म डिपॉजिट पॉच लाख रुपए की धनराशि से ऊपर की है तो इसे समय से पहले निकालने पर 1 प्रतिशत तक का पेनल्टी चार्ज काटा जाएगा।




*पीएनबी बैंक के प्री-मैच्योर FD पर क्या है चार्ज? :* पीएनबी बैंक के वेबसाइट पर अपलोड जानकारी के अनुसार, बैंक प्री-मैच्योर एफडी पर 1 प्रतिशत तक की पेनल्टी चार्ज करता है। यह चार्ज सभी तरह के डिपॉजिट को समय से पहले यानी प्री-मैच्योरिटी को निकालने पर लागू होती है।

### एचडीएफसी बैंक का क्या पेनल्टी चार्ज?

एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर अपलोड जानकारी के अनुसार, 22 जुलाई, 2023 से प्रभावी आंशिक (पार्शियल) धनराशि निकालते समेत समय से पहले धनराशि निकालने के लिए लागू ब्याज दर जमा की गई तारीख पर समय-अवधि के लिए बैंक में जमा रहने की दर से 1 फीसदी से कम होगी।

### प्री-मैच्योर एफडी पर आईसीआईसीआई बैंक कि पेनाल्टी?

बैंक में जमा धनराशि यानी फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक तब तक ब्याज देगी जब तक वह राशि उस समयसीमा के लिए बैंक के पास हो जब तक के लिए उसे जमा किया गया हो। अगर उसके बीच में एफडी तोड़ी जाती है तो बैंक उस पर चार्ज करता है।

आईसीआईसीआई बैंक एफडी के जमा होने के एक साल के भीतर धनराशि निकालने पर 0.50 फीसदी तक पेनल्टी चार्ज करता है। वहीं एक साल के बाद एफडी को निकालने पर बैंक 1 फीसदी की पेनल्टी भुगतान करवाता है।

## बीएमडब्ल्यू जनवरी से वाहनों की कीमत तीन फीसदी बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू की भारतीय इकाई बीएमडब्ल्यू इंडिया अपने सभी मॉडलों की कीमत अगले साल जनवरी से तीन प्रतिशत तक बढ़ाएगी। कंपनी ने कहा कि नई दरें एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी की स्थानीय रूप से निर्मित कारों की रेंज में 2-सीरीज ग्रैन कूप, 3-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, 5-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, 7-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, एक्स1, एक्स3, एक्स5, एक्स7 और एम340आई शामिल हैं। बीएमडब्ल्यू पूर्ण निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आई4, आई5, आई7, आई7 एम70, आईएक्स1, बीएमडब्ल्यू आईएक्स, जेड4 एम40आई, एम2 कूप जैसे मॉडल भी बेचती है।

## सितंबर में जियो, एयरटेल व वीआईएल के ग्राहक घटे




**नई दिल्ली।** निजी दूरसंचार कंपनियों- रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने सितंबर में संयुक्त रूप से एक करोड़ से अधिक मोबाइल ग्राहक खो दिए, जबकि सरकारी स्वामित्व वाली भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने सबको आश्चर्यचकित करते हुए इस दौरान लगभग 8.5 लाख मोबाइल उपयोगकर्ता जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी मासिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। रिलायंस जियो ने पिछले महीने की तुलना में सितंबर में 79.69 लाख मोबाइल ग्राहक खो दिए, भारती एयरटेल ने 14.34 लाख ग्राहक और वोडाफोन आइडिया ने 15.53 लाख ग्राहक खोये। बीएसएनएल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या सितंबर में मासिक आधार पर 8.49 लाख बढ़ गई।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# सोना 1,100 रुपए उछला चांदी में 300 रुपए की तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 84,400 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी भी उछलकर 93,300 रुपए प्रति किलोग्राम

शादी विवाह के कारण आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 1,100 रुपये उछलकर दो सप्ताह के उच्च स्तर 84,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की तेजी के साथ 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सराफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 1,100 रुपये की तेजी आई है। इसके साथ लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज करते हुए यह 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### व्यापारियों ने डॉलर की तेजी को नजरअंदाज किया

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के बीच सोने के व्यापारियों ने डॉलर की मजबूती को नजरअंदाज कर दिया, जिससे सराफा की ओर सुरक्षित निवेश प्रवाह बढ़ रहा है। एशियाई बाजार में चांदी 1.42 प्रतिशत बढ़कर 31.83 डॉलर प्रति औंस पर रही।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**

**67 रन बनाकर आस्ट्रेलियाई पारी भी लड़खड़ाई**

# भारतीय 'शेर' 150 पर ढेर, 'कंगारू' भी घर में बिदके, एक दिन में गिरे 17 विकेट

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारत ने आस्ट्रेलिया के सात विकेट 67 रन पर लेकर पहले टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को मैच में वापसी की। इससे पहले भारतीय शेर विदेशी धरती पर 49.4 ओवर में 150 रन पर आउट हो गई। इस मैच को खराब फॉर्म में चल रहे दोनों टीमों के बल्लेबाजों के बीच मुकाबला माना जा रहा था और पहले दिन 17 विकेट गिरने से इसकी बानगी भी मिली। भारतीय टीम 83 रन से आगे है और ऑस्ट्रेलिया के 3 ही विकेट बाकी है।

भारत के युवा और अनुभवी बल्लेबाज मेजबान गेंदबाजों का सामना नहीं कर सके। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले नीतिश रेड्डी के 41 रन और ऋषभ पंत के 37 रन को छोड़कर भारतीय पारी में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं दे सका। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल खाता नहीं खोल सके। विराट कोहली ने 5 रन, ध्रुव जुरेल 11 और वॉशिंगटन सुंदर 4 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए जबकि जोश हेजलवुड ने चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने दो विकेट लिए।



## राहुल को आउट देने पर विवाद

23वें ओवर में ओपनर केएल राहुल को मिचेल स्टार्क ने आउट किया। ओवर की दूसरी बॉल राहुल के बैट के पास से गुजरी और ऑस्ट्रेलियन टीम ने कॉट बिहाइंड की अपील की। फील्ड अंपायर ने नॉटआउट दिया और ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू ले लिया। रिप्ले में दिखा कि राहुल का बैट उनके पैड्स से लगा था, जिसकी आवाज अल्ट्राएज में दिखी। थर्ड अंपायर ने दूसरा एंगल देखने की मांग की, लेकिन ब्रॉडकास्टिंग टीम के पास दूसरा एंगल नहीं था। ऐसे में फील्ड अंपायर का फैसला पलटने के लिए टीवी अंपायर के पास निर्णायक सबूत नहीं थे। इसके बावजूद अंपायर ने फैसला पलटा और राहुल को पवेलियन लौटना पड़ा।

## हर्षित-नीतीश ने किया डेब्यू

पर्थ टेस्ट में दो भारतीय हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी ने डेब्यू किया। हर्षित को रविचंद्रन अश्विन और नीतीश रेड्डी को विराट कोहली ने कैप दी। नीतीश पहली इनिंग में भारतीय टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 41 रन की पारी खेली। इसी मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन मैकस्वीनी ने भी डेब्यू किया। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट खलेने वाले 467वें खिलाड़ी बने।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मैकस्वीनी बो स्टार्क | 00 | 08 | 0 | 0 |
| राहुल का कारी बो स्टार्क | 26 | 74 | 3 | 0 |
| पड्किल का कारी बो हेजलवुड | 00 | 23 | 0 | 0 |
| कोहली का ख्वाजा बो हेजलवुड | 05 | 12 | 0 | 0 |
| पंत का स्मिथ बो कमिंस | 37 | 78 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल का लाबुशेन बो मार्श | 11 | 20 | 2 | 0 |
| वॉशिंगटन का कारी बो मार्श | 04 | 15 | 0 | 0 |
| रेड्डी का ख्वाजा बो कमिंस | 41 | 59 | 6 | 1 |
| राणा का लाबुशेन बो हेजलवुड | 07 | 05 | 1 | 0 |
| बुमराह का कारी बो हेजलवुड | 08 | 08 | 0 | 1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 49.4 ओवर में 150/10
गेंदबाजी : स्टार्क 11-3-14-2, हेजलवुड 13-5-29-4, कमिंस 15.4-2-67-2, लियोन 5-1-23-0, मार्श 5-1-12-2.

| आस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ख्वाजा का कोहली बो बुमराह | 08 | 19 | 1 | 0 |
| मैकस्वीनी पगबाधा बो बुमराह | 10 | 13 | 2 | 0 |
| लाबुशेन पगबाधा बो सिराज | 02 | 52 | 0 | 0 |
| स्मिथ पगबाधा बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो राणा | 11 | 13 | 2 | 0 |
| मार्श का राहुल बो सिराज | 06 | 19 | 1 | 0 |
| एलेक्स कारी नाबाद | 19 | 28 | 3 | 0 |
| कमिंस का पंत बो बुमराह | 03 | 05 | 0 | 0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 | 14 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 27 ओवर में 67/7
गेंदबाजी : बुमराह 10-3-17-4, सिराज 9-6-17-2, राणा 8-1-33-1.

## बुमराह ने झटके 4 विकेट

जवाब में आस्ट्रेलिया के पास बुमराह की बेहतरीन गेंदों का कोई जवाब नहीं था। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने दस ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने नौ ओवर में 17 रन देकर दो और पहला मैच खेल रहे हर्षित राणा ने आठ ओवर में 33 रन देकर एक विकेट लिया।

## बॉर्डर-गावस्कर ने प्रेजेंट की ट्रॉफी

टॉस से पहले सुनील गावस्कर और एलन बॉर्डर ट्रॉफी लेकर मैदान पर आए। इन दो दिग्गजों के नाम पर ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाती है। दोनों टॉस के समय भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से भी मिले।

# 14 मार्च से 25 मई 2025 तक होंगे आईपीएल के मुकाबले




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग 14 मार्च से 25 मई के बीच होगा। बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों को यह बताया है और 2026 तथा 2027 सत्र के लिए भी यही विंडो रखी है। बीसीसीआई ने जेद्दा में रविवार से होने वाली दो दिवसीय नीलामी में चोटों से जूझने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, भारतीय मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर और मुंबई के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तामोर को भी शामिल करने का फैसला किया है।

### तीन सत्र का ऐलान

टीमों को भेजे गए पत्र में बोर्ड ने कहा कि अगले तीन सत्र की तारीखें इसलिए साझा की गई है ताकि टीमों को खिलाड़ियों की नीलामी की रणनीति बनाने में मदद मिल सके। वर्ष 2026 में टूर्नामेंट 15 मार्च से 31 मई तक और 2027 में 14 मार्च से 30 मई तक होगा । तीनों फाइनल रविवार को खेले जाएंगे।

### आर्चर, नेत्रवलकर और तामोर नीलामी में शामिल

आर्चर इस साल आईपीएल नहीं खेले थे और 2023 में कोहनी की चोट के कारण बीच में से ही चले गए थे। नेत्रवलकर ने अमेरिका में टी20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। भारत के पूर्व अंडर 19 क्रिकेटर नेत्रवलकर मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी खेल चुके हैं लेकिन कम्प्यूटर इंजीनियरिंग करने के लिए अमेरिका चले गए थे और ओरेकल में काम करते हैं। नीलामी की सूची में नेत्रवलकर की जगह भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी उन्मुक्त चंद का नाम होने से भृकुटियां तनी थी क्योंकि उन्मुक्त टी20 विश्व कप में अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं थे।

## खबर संक्षेप



### मुझे लगा कि यह एक सामान्य विकेट था

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने शुक्रवार को यहां पहले टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल के विवादास्पद कैच आउट होने को लेकर हो रही चर्चा को कमतर आंकते हुए कहा कि यह नियमानुसार लिया गया सामान्य विकेट था। राहुल के आउट होने से विवाद खड़ा हो गया और दोनों देशों के पूर्व खिलाड़ियों ने मैदानी अंपायर के 'नॉट आउट' फैसले को पलटने के तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबरो ने राहुल के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन मेजबान टीम ने डीआरएस लिया।

### सोनी इंडिया को मिला एसीसी मीडिया अधिकार

**दुबई।** 'सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ' ने 2024 से 2031 तक सभी एशियाई क्रिकेट परिषद टूर्नामेंटों के लिए विशेष मीडिया अधिकार हासिल कर लिए हैं। एसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नए समझौते के तहत एसपीएनआई के पास पुरुष और महिला एशिया कप, अंडर-19 एशिया कप और इमर्जिंग टीमों की एशिया कप के सभी सत्रों को प्रसारित करने का विशेष अधिकार होगा। इस सौदे में टेलीविजन, डिजिटल और 'ऑडियो' मंचों को शामिल किया गया है जिससे टूर्नामेंटों की व्यापक पहुंच सुनिश्चित होगी। इस साझेदारी के लिए पिछले चक्र की तुलना में 70% मूल्य वृद्धि हुई है।

# जैस्मीन शेखर ने जीता हीरो डब्लूपीजीटी का 15वां चरण

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारतीय गोल्फर जैस्मीन शेखर ने शुक्रवार को यहां अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और आखिरी चरण का खिताब अपने नाम किया। यह जैस्मीन की इस सत्र में दूसरी ट्रॉफी है। उन्होंने टूर्नामेंट के 13वें चरण का खिताब भी जीता था। वह 2024 में एक से ज्यादा खिताब जीतने वाली चौथी खिलाड़ी भी बन गईं।

जैस्मीन ने फ्रंट नाइन में सभी होल में पार का कार्ड खेला लेकिन फिर 14वें से 17वें होल तक लगातार चार बर्डी लगाकर शानदार प्रदर्शन किया जिससे वह चार शॉट की बढ़त से खिताब जीतने में कामयाब रहीं। अमनदीप (72) कुल चार अंडर 212 के स्कोर से अकेले दूसरे स्थान पर रहीं। हिताशी बख्शी 71 का कार्ड खेलकर गौरिका बिश्नोई (70), विधात्री उर्स (70) और नयनिका सांगा (72) के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। इन सभी का कुल स्कोर तीन अंडर 213 का रहा।



# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन पर नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी जैसे सितारों की मौजूदगी और आईपीएल मेगा नीलामी के दौरान होने से शनिवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट पर सभी की नजरें रहेंगी। वैसे पंड्या को 24 और 25 नवंबर को सउदी अरब के जेद्दा में होने वाली आईपीएल नीलामी को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि मुंबई इंडियंस ने उन्हें टीम में बरकरार रखा है। शीर्ष क्रिकेटरों के व्यस्त नहीं होने पर घरेलू क्रिकेट खेलने की अनिवार्यता संबंधी बीसीसीआई की नीति के तहत पंड्या बड़ौदा के लिये खेलेंगे। उनका लक्ष्य फॉर्म में बने रहना और बड़ौदा को जीत दिलाने का होगा। वहीं बंगाल के लिये खेल रहे शमी अपनी मैच फिटनेस साबित करना चाहेंगे जिन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में सात विकेट लिए थे। उनकी नजरें आस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों के लिए टीम में जगह बनाने पर लगी होंगी।



# सात्विक-चिराग ने चाइना मास्टर्स के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| शेनजेन

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को यहां डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की दूसरी वरीय जोड़ी को हराकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सात्विक और चिराग ने 47 मिनट में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी पिछले चरण में फाइनल में पहुंची थी। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी का सामना अंतिम चार में आठवीं वरीयता प्राप्त जापानी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी तथा कोरिया के जिन योंग और सियो सेउंग जेई की जोड़ी के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।



### श्रीजेश के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ओमान रवाना

बेंगलुरु। सुल्तान जोहोर कप में कांस्य पदक जीतने के बाद पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली भारतीय टीम जूनियर एशिया कप खिताब का बचाव करने के लिए शुक्रवार को मस्कट रवाना हुई। पिछले साल चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीतने वाली भारतीय टीम पूल ए में अपने अभियान की शुरुआत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। टीम का अगला मुकाबला 28 नवंबर को जापान और 30 नवंबर को चीनी ताइपे से होगा। भारत का आखिरी ग्रुप चरण मैच एक दिसंबर को कोरिया से होगा।
पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन शामिल हैं। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष दो में जगह बनाने की जरूरत होगी।






ATHER




Introducing
RIZTA

# आपकी फ़ैमिली का नया मेम्बर




एथर बनेगा अब हर घर का हिस्सा, अपने नए इलेक्ट्रिक फ़ैमिली स्कूटर, रिज़्टा के साथ। इसमें है ढेर सारे सेफ़्टी, कम्फ़र्ट और कनेक्टिविटी फ़ीचर्स। आज ही मिलिए अपने नए फ़ैमिली मेम्बर से।

Introductory price
**₹ 99 311***


बड़ी सीट∞


56L स्टोरेज**


स्किड कंट्रोल टेक्नोलॉजी


Google Maps Platform


8 साल की बैट्री वारंटी^

159KM IDC रेंज | 2700+ पब्लिक फ़ास्ट चार्जर्स | पूरे भारत में सर्विस नेटवर्क

Limited Period Offer › **8 Year Battery Warranty** worth of ₹5000^ | **flexipay** EMI starts at **₹ 2199** • Loan approval in **10 mins** • **Zero** down-payment

**ATHER SPACE EXPERIENCE CENTRE : RAIPUR, JAISTAMBH CHOWK** - 9020424000, **RAIPUR, RAJENDRA NAGAR** - 8884711499, **AMBIKAPUR** - 8884042421, **BILASPUR** - 8884633440 | **For institutional & bulk enquiries, please contact 8884010044 or write to us at corporate.sales@atherenergy.com**

*Effective ex-showroom price of Ather Rizta S 2.9 kWh battery in Raipur. **34L in the boot and additional 22L in the Frunk. ∞With 900 mm long seat. #IDC range for Rizta Z 3.7 kWh battery. Declared IDC range figures are as per ARAI IDC standard testing conditions. ^8 year extended battery warranty is complimentary with the upgrade to Pro Pack in Rizta Z 3.7 kWh variant only until 30th Nov 2024. Under flexipay, Ather may form partnerships or alliances with various Banks and/or NBFC's to facilitate financial products, services and offerings. 208 service centers spread across various cities in India. Please contact your nearest Ather Space Experience Center to know the exact offer values. Product shown is for representational purposes only. Actual color, features and specifications may vary. All third party trademarks (including words, logos and icons) referenced by Ather Energy Private Limited remain the property of their respective owners. The only official website of Ather Energy is www.atherenergy.com.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com